दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। गुरुवार 25 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 286 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## 48 लाख करोड़ के बजट में 16 लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज लेगी केंद्र सरकार




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 2024-25 का बजट पेश कर दिया। ये मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट था। बजट में सरकार बताती है कि वो कहां से कितना कमाएगी और कहां खर्च करेगी? निर्मला सीतारमण ने बताया है कि 2024-25 में सरकार 48.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये सिर्फ बजट अनुमान है। आमतौर पर जितना अनुमान होता है, उससे ज्यादा ही खर्च हो जाता है।

सरकार का अनुमान है कि एक साल में वो जो 48.20 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी, उसके लिए 31.29 लाख करोड़ तो टैक्स से आ जाएंगे। लेकिन बाकी का खर्च चलाने के लिए सरकार उधार लेगी।

2024-25 में सरकार 16.13 लाख करोड़ रुपये उधार लेगी। सरकार के खर्च का एक बड़ा हिस्सा उधारी पर लगे ब्याज को चुकाने में ही चला जाता है।

**कहां से कमाएगी?:** अगर सरकार 1 रुपया कमाएगी तो उसमें 27 पैसा उधारी का होगा। इसके बाद 19 पैसा इनकम टैक्स से, 18 पैसा जीएसटी से और 17 पैसा कॉर्पोरेशन टैक्स से मिलेगा। इसके अलावा 9 पैसा नॉन-टैक्स रेवेन्यू से, 5 पैसा एक्साइज ड्यूटी से, 4 पैसा कस्टम ड्यूटी से और 1 पैसा नॉन-डेट रिसीट से कमाएगी।

**- कहां खर्च करेगी?:** सरकार के 1 रुपये के खर्च में 19 पैसा ब्याज चुकाने में चला जाएगा। 21 पैसा राज्यों को टैक्स और ड्यूटी में हिस्सा देने में खर्च हो जाएगा। इसके अलावा 16 पैसा केंद्र और 8 पैसा केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं में खर्च होगा। 8 पैसा रक्षा, 6 पैसा सब्सिडी और 4 पैसा पेंशन पर खर्च होगा। बाकी का 18 पैसा दूसरे तरह के खर्चों में लगेगा।

**पर सरकार को कहां से उधार मिलता है? :** ऐसे में सवाल उठता है सरकार तो सरकार है, उसे उधार लेने की क्या जरूरत? और अगर उधार ले भी रही है तो कहां से? इसका जवाब है कि सरकार के पास उधार लेने के दर्जनों रास्ते हैं।

## बार एसोसिएशन चुनाव की स्टोरी में लगातार आ रहा है ट्विस्ट अब अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कर दिया सचिव पद पर अमित नेहरा का नाम फिक्स

### दीपक शर्मा ने सचिव पद के लिए अमित नेहरा की घोषणा की, तो हरेंद्र गौतम ने पुलिस को दी धोखाधड़ी व साजिश की शिकायत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद में सचिव पद को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को बार चुनाव में 890 मत पाने वाले हरेंद्र गौतम ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत कर कवि नगर पुलिस से एक फर्जी लैटर जारी होने और उन्हें सचिव ना घोषित किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। वहीं इस मामले में हरेंद्र गौतम ने डिप्टी रजिस्टार द्वारा चुनाव कमेटी को तलब करने के लिए डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसायट्ीज एवं चिट्स कार्यालय में शिकायत भी की है। वहीं बार एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सचिव पद के लिए अमित नेहरा के नाम को फाइनल करते हुए आधिकारिक कार्रवाइयों में सचिव के रूप में शामिल करने के लिए पत्र जारी किया है। साथ ही बार एसोसिएशन कार्यकारिणी को भी इस संबंध में पूरे मिनट् भेजे गए हैं। बता दें कि 19 जुलाई को बार एसोसिएशन गाजियाबाद में अलग-अलग पदों के लिए चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें अध्यक्ष पद पर दीपक शर्मा विजयी घोषित किए गए। तो वहीं सचिव पद पर हरेंद्र गौतम, अमित नेहरा और वरुण त्यागी प्रत्याशी रहे थे। अमित नेहरा और हरेंद्र गौतम में करीबी मुकाबला हुआ। लगभग 6 राउंड की गिनती के बाद कभी हरेंद्र गौतम का नाम घोषित किया गया, तो कभी अमित नेहरा का। उधर बुधवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सचिव पद के रूप में अमित नेहरा के नाम को घोषित कर दिया है।



### बार अध्यक्ष ने कहा अमित नेहरा को माना जाए सचिव



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बुधवार 24 जुलाई को पत्र जारी करते हुए कहा है कि सचिव पद पर किसी भी आधिकारिक कार्रवाई व प्रक्रिया के लिए सचिव के रूप में अमित कुमार नेहरा को माना जाए। इस दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भी इस पूरे प्रकरण की जानकारी से अवगत कराया है। बार अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि भविष्य में बार एसोसिएशन गाजियाबाद का सचिव अमित नेहरा को ही माना जाए।

### पांच दिनों से चल रहा है सचिव पद को लेकर घमासान

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है जब बीते पांच दिनों से सचिव पद को लेकर दो नामों के बीच लगातार घमासान वाली स्थिति बनी हुई है। कभी चुनाव समिति अमित नेहरा को सचिव घोषित कर देती है। तो कभी हरेंद्र गौतम सचिव के पद पर खुद को विजयी होने का दावा करते हैं। कुल मिलाकर बीते पांच दिनों से बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव परिणाम आने के बावजूद भी सचिव पद को लेकर घमासान मचा हुआ है।

## बीवी की तलाश में दर-दर भटकने वाला पति ही निकला हत्यारोपी, विजय नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### डीसीपी सिटी ,एसीपी और थाना प्रभारी की टीम ने खोला पूरा केस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी, एसीपी घंटाघर और थाना प्रभारी विजयनगर की टीम ने एक सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा किया है। विजयनगर में रहने वाली एक महिला ने पहले गुमशुदगी लिखवाई और फिर गुम हुई महिला के पति ने उसको कई स्थानों पर खोजने का काम किया। फिर पुलिस के अधिकारियों से पूजा को खोजने के लिए गुहार भी लगाई और पुलिस ने जब उसकी पत्नी के मामले का खुलासा किया तो उसका शव मसूरी नहर से बरामद हुआ है। हत्यारोपी कोई और नहीं बल्कि उसी का वर्तमान पति ही निकला।

बुधवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने विजयनगर में पति द्वारा पत्नी की गला दबाकर हत्या और फिर उसके शव को नहर में फेंकने के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में आरोपी गिरफ्तार हुआ है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि शुरूआती जांच से ही पति संदिग्ध नजर आ रहा था। पता चला है कि आरोपी मोहम्मद आलम निवासी जनपद हापुड़ पूजा के साथ बीते 4 साल से लिवइंन रिलेशन में रह रहा था और दोनों ने 6 महीने पहले ही निकाह भी किया था, जबकि आरोपी मोहम्मद आलम पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने बताया है कि आलम दो परिवार पाल रहा था और दोनों जगह उसका झगड़ा होता था और यही पूजा की हत्या की वजह बना।


### पहली बीवी के बीमार बेटे को देखने गया तो बढ़ गया विवाद

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी पति मोहम्मद आलम ने बताया कि एक दिन पूजा का उसके पास फोन आया, उसने कहा कि तुम घर आ जाओ, तो उसने कहा कि मेरा बेटा हॉस्पिटल में भर्ती है, मैं अभी नहीं आ सकता। इस पर पूजा गुस्सा हो गई और बोली मैं भी कई दिनों से बीमार हूं। तू मुझे देखने नहीं आया और अपने लड़के को देखने हॉस्पिटल चला गया, अभी हॉस्पिटल आ रही हूं। वहीं तेरा इलाज कर दूंगी। मैंने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं मानी, इसके बाद मोहम्मद आलम को गुस्सा आ गया और उसने ठान लिया कि वह पूजा की हत्या करेगा।

### इस तरह टीम ने खोला हत्या का राज

करंट क्राइम : एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि आरोपी मोहम्मद आलम ने चुन्नी से गला घोंटकर पूजा की हत्या की थी। आलम ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले की उसने पूजा को रिसीव किया और सेंट्रो कार से नहर की तरफ लेकर चल गया। रास्ते में लगातार दोनों के बीच कार में लड़ाई हो रही थी। इसी बीच समझाने का प्रयास किया, जब पूजा नहीं मानी तो मौका देखकर चुन्नी से पूजा का गला घोंटा और हत्या कर शव को गांव नगला चुनाव के पस में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। बता दें कि 22 तारीख को विजयनगर थाने में पुलिस को शिकायत मिली थी की पूजा का उसकी बहन ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और पूछताछ के आधार पर 24 जुलाई को पूजा के पति आलम जो कार्बन फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया। उसने हत्या की बात कबूली, आलम पहले से शादीशुदा था और नोएडा की एक गैराज में मैकेनिक का काम करता था।

## और जब व्यक्ति सत्ता से दूर होता है तो उसे सत्ता की मजबूरियां याद नहीं आती : बालेश्वर त्यागी



**आखिर एक ही व्यक्ति में दो अलग-अलग स्थानों पर स्थापित अलग-अलग व्यक्ति क्यों दिखाई देते हैं? इसमें व्यक्ति से ज्यादा दायित्व को गम्भीरता से लेने का बोध कुछ ज्यादा हो जाता है। इसलिए अगले चुनावों से पहले सत्तारूढ़ को सत्ता से कम से कम छः माह अलग रहने के सुझाव दिए जाते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब व्यक्ति सत्ता में होता है तब उसे सारे जहाँ की चिंता सताती है। उसे सरकार के संसाधन कैसे बढ़ें ,ये फिक्र होने लगती है। अगर खूब संसाधन होंगे तो विकास को और तेजी से गति दी जा सकेगी ,ऐसे दिव्य ज्ञान प्राप्त होने लगते हैं। इसलिए अधिकारी भी उन्हें सारे संसाधन बढ़ाने के रास्ते सुझाने लगते हैं। उन्हें टैक्स बढ़ाने जैसे रास्ते भी सरल और सुविधापूर्ण लगते हैं। उस समय उस व्यक्ति को साधनों का दुरुपयोग आवश्यक सुविधाओं के लिए किया जाने वाला व्यय लगने लगता है। सरकारी भ्रष्टाचार उसे दिखना बंद हो जाता है ।लेकिन जब वही व्यक्ति विपक्ष में होता है तो उसे टैक्स बढ़ना खलता है। जनता की घटती सुविधाएं उसे परेशान करती हैं। तब उसे प्रशासन निष्ठुर और ह्र्दयहीन लगता है। उसे शासन और प्रशासन में भ्रष्टाचार सालता है। सरकारी धन का दुरुपयोग उसे उत्तेजित करता है।

आखिर एक ही व्यक्ति में दो अलग अलग स्थानों पर स्थापित अलग अलग व्यक्ति क्यों दिखाई देते हैं ? इसमें व्यक्ति से ज्यादा दायित्व को गम्भीरता से लेने का बोध कुछ ज्यादा हो जाता है। इसलिए अगले चुनावों से पहले सत्तारूढ़ को सत्ता से कमसे कम छः माह अलग रहने के सुझाव दिए जाते हैं।

जब व्यक्ति सत्ता में है तो जनता उसकी आँखों से ओझल हो जाती है और जब व्यक्ति सत्ता से दूर होता है तो उसे सत्ता की मजबूरियां याद नहीं आती। इसलिए जो सत्ता और विपक्ष में कुछ कुछ सम भाव मे रहता है तो वह दोनों परिस्थितियों में बेहतर सामंजस्य कर पाता है। इसीलिए सत्तारूढ़ लोगों को जनता से सीधा संपर्क आवश्यक है। ताकि जनभावनाओं से भी अवगत रहे ।कई लोग अपने कार्यकताओं के माध्यम से इस सम्बंध में फीडबैक लेते रहते हैं ।लेकिन व्यवसायिक संस्थाओं ने इस सबसे भरोसेमंद माध्यम को अर्थहीन बना दिया है।

## क्यों उठ रही है नगर निगम के गलियारों में कार्यकारिणी चुनाव स्थगित हो जाने के बाद इस बात की चर्चा अनुभवी पार्षदों से तो वो रहे बेहतर जिन्होंने पहली बार भरा है नगर निगम का पर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में भाजपा का बहुमत और बहुमत के बाद भी भाजपा के पार्षदों के कारण नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव स्थगित करना पड़ा। भाजपा की रणनीति को भाजपा के पार्षदों ने फेल कर दिया।

भाजपा की मेयर सदन में मौजूद और भाजपा के पार्षदों ने पर्चा खरीद लिया ।किसी ने कड़े लव्जों के बाद पर्चा वापस किया लेनिक जुबानी मोर्चा खोला। तो कोई पर्चा भरने के बाद ही आउट आफ रीच हो गया। किसी ने पर्चा रिटर्न को कर दिया लेकिन सीन को थोड़ा कठिन कर दिया। इस सबके बाद भाजपा के पार्षद गलियारें में ही ये आवाज उठ रही है कि अनुभवी पार्षदों से तो वो पार्षद ठीक रहे जिन्होंने पहली बार पर्चा भरा है। जो पहली बार सदन देख रहे हैं। उन्होंने सदन में अपने दल की मेयर और नगर निगम की मुखिया सुनीता दयाल का मयार मान सम्मान कायम रखा। उन्होंने चुनाव स्थगित होने के बाद भी कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी और चुनाव से पहले भी वो शांत नजर आये। जबकि कई बार के पार्षद आक्रामक मोड में थे। वो अपनी मेयर के खिलाफ ही मोर्चा खोलना चाहते थे। जबकि पहली बार के पार्षद पूरी तरह साईलेंट रहे और जब चुनाव टल भी गया तो भी उन्होंने कोई तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

### जब हो गई थी नीलम भारद्वाज की सदन में लाउड आवाज



करंट क्राइम। नीलम भारद्वाज वैशाली क्षेत्र से पार्षद हैं। लगातार तीसरी बार पार्षद हैं। क्षेत्र में एक्टिव रहती हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उन्हें तीन बार के पार्षद होने के साथ नगर निगम सदन के सारे प्रोटोकॉल पता हैं। उन्हें पता है कि नगर निगम की मुखिया का सम्मान क्या होता है। वो जानती हैं कि जब पार्टी व्हिप जारी कर देती है तो पार्षद किस नियम के तहत काम करते हैं। लेकिन अनुभवी भाजपा की पार्षद ने भी व्हिप जारी होने के बावजूद नामांकन पत्र ले लिया। जब उन्हें मेयर ने टोका तो यहां उनकी जुबानी नोकझोक मेयर से भी हुई। इसके बाद नीलम भारद्वाज ने पर्चा तो वापस कर दिया लेकिन भाजपा की सीनियर पार्षद का चर्चा दूर तक गया।

### क्या सदन में कोई स्पेशल मैसेज देना चाहते थे संजय सिंह



करंट क्राइम। संजय सिंह लगातार पार्षद हैं और हिंडन पार से आते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि संजय सिंह एक्टिव राजनीति करते है। अपने क्षेत्र की आवाज नगर निगम में बनते हैं। संजय सिंह चाहते थे कि हिंडन पार को भी कार्यकारिणी में नुमाइंदगी का मौका मिले। उन्होंने नामांकन पत्र खरीदा। उनके नामांकन पत्र खरीदते ही भाजपा को अपना चुनावी गेम बिगडता दिखाई दिया। हालांकि बाद में संजय सिंह को बिठा तो लिया गया लेकिन ये सवाल जरूर खड़ा रह गया कि एक सीनियर पार्षद को ऐसा करना चाहिए था।

### अगर कर लिया था वोट का इंतजाम तो नहीं होना चाहिए था फोन स्वीच ऑफ



करंट क्राइम। राजीव शर्मा भाजपा के टिकट पर लगातार दूसरी बार पार्षद हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि वो सबसे लोकप्रिय पार्षद हैं। नगर निगम एक्ट की गहन जानकारी रखते हैं और उनका व्यवहार बेहतर है। लेकिन नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव से पहले वो पर्ची सिस्टम से आउट हो गये। इसके बाद निगम की चुनावी कहानी में मोड तब आया जब राजीव शर्मा ने पर्चा ले लिया। हालांकि उन्होंने दावा किया कि उनके पास निर्दलीय सहित कई वोट हैं और वो नगर निगम की कार्यकारिणी में भाजपा को पांचवा जीता हुआ उम्मीदवार देंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद वजह जो भी रही लेकिन राजीव शर्मा का फोन आउट आफ रीच आता रहा। शाम को 5 बजे उनसे सम्पर्क हो पाया। तब तक मेयर ने कार्यकारिणी चुनाव ही स्थगित करने का ऐलान कर दिया था। अब इसमें गलती किसकी है ये संगठन पर निर्भर है लेकिन पुरानी कहावत है कि ताली दोनों हाथो से बजती है। अगर यहां समन्वय कायम हो जाता तो भाजपा वाले ही कहते हैं कि चुनाव उसी दिन हो जाता। अगर राजीव शर्मा के पास वोट का इंतजाम था तो भी फोन स्वीच आफ नहीं होना चाहिए था। वो अनुभवी पार्षद हैं और भाजपा को उनसे उम्मीदे हैं।

# हंगामे के बाद संसद में किसानों से मिले राहुल

## बोले : हम एमएसपी की गारंटी के लिए सरकार पर डालेंगे दबाव

**नई दिल्ली।** संसद के बाहर जमकर शोर-शराबा देखा गया। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसान नेताओं को संसद में अपने कार्यालय में मिलने के लिए बुलाया था। मगर बवाल तब हो गया, जब किसानों को संसद के अंदर नहीं आने दिया। हालांकि, हंगामे और विरोध के बाद किसान नेताओं के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा प्रतिपक्ष नेता से मुलाकात की।



### राहुल ने लगाया आरोप

मुलाकात से कुछ देर पहले राहुल ने किसानों को संसद के अंदर नहीं आने देने का आरोप लगाया था। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'हमने उन्हें (किसान नेताओं को) यहां मिलने के लिए आमंत्रित किया था। लेकिन वे उन्हें यहां (संसद में) नहीं आने दे रहे हैं। क्योंकि वे किसान हैं, शायद यही कारण है कि वे उन्हें अंदर नहीं आने दे रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह समस्या है। मगर हमें क्या करना चाहिए? यह एक तकनीकी मुद्दा भी हो सकता है।' हालांकि, कुछ देर बाद किसानों को अंदर जाने की इजाजत मिल गई। एजेंसी के मुताबिक, किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के सामने प्राइवेट मेंबर्स बिल (निजी सदस्य विधेयक) लाने की बात रखी है।

### यह लोग भी रहे मौजूद

किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के तत्वावधान में देशभर से आए 12 किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, सुखजिंदर सिंह रंधावा, गुरजीत सिंह औजला, धर्मवीर गांधी, डॉ अमर सिंह, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और जय प्रकाश भी मौजूद रहे।

### सरकार पर दबाव डालेंगे दबाव : राहुल

किसान नेताओं से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा, 'हमने अपने घोषणापत्र में कानूनी गारंटी के साथ एमएसपी का जिक्र किया है। हमने आकलन किया है और इसे लागू किया जा सकता है। हमने अभी एक बैठक की, जिसमें तय किया गया कि हम विपक्षी गठबंधन के दूसरे नेताओं से बात करेंगे और सरकार पर दबाव डालेंगे कि देश के किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।'

#### प्रदर्शनकारी किसान 15 अगस्त को देश भर में ट्रैक्टर रैली निकालेंगे

22 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने कहा था कि वे देशभर में मोदी सरकार के पुतले जलाएंगे। एमएसपी गारंटी को कानूनी बनाने की अपनी कानून की गारंटी, ऋण माफी, फसल बीमा, किसानों और खेतिहर मजदूरों की पेंशन, बिजली के निजीकरण को वापस लेने समेत अन्य मांगों को पूरा करने के लिए नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। इसके अलावा विपक्ष द्वारा निजी विधेयकों का समर्थन करने के लिए मार्च भी निकालेंगे। प्रदर्शनकारी किसान 15 अगस्त को देश भर में ट्रैक्टर रैली निकालेंगे। और नए क्रिमिनल बिल की कॉपियां भी जलाएंगे। किसान संगठनों ने कहा था कि किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च 31 अगस्त को 200 दिन पूरा करेगा। संगठनों ने किसानों से पंजाब-हरियाणा के खनौरी-शंभू बॉर्डर पर पहुंचने की अपील भी की है।

# दिल्ली सरकार कांवड़ियों के लिए लगा रही 185 शिविर, मंत्री आतिशी ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार कांवड़ियों की सुविधा के लिए 185 शिविर लगा रही है। इससे संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क के कांवड़ शिविर का निरीक्षण किया। यह देश के सबसे बड़े कांवड़ शिविरों में से एक है, जहां एक समय में लगभग 20,000 कांवड़ियों के ठहरने का इंतजाम किया जा सकता है। यहां महिला-पुरुष कांवड़ियों के विश्राम के लिए अलग-अलग हॉल और प्रसाद ग्रहण करने के लिए एक बड़ा डाइनिंग हॉल भी तैयार किया गया है। इस शिविर में कावड़ियों की सुविधा के लिए सभी सामान रखे गए हैं।



आतिशी ने कहा कि पिछले नौ सालों से सावन के पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए शिविर लगाती है। इस साल भी दिल्ली भर में 185 शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां कांवड़ियों के लिए तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी। शिविर में वाटरप्रूफ टेंट, रहने-सोने की व्यवस्था, साफ पानी, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था की जाती है। कांवड़ रखने के लिए विशेष स्टैंड मुहैया कराए जाते हैं। साथ ही हर कांवड़ शिविर में मेडिकल सुविधाएं होती है।

उन्होंने कहा कि इस साल भी सभी शिविरों में हर समय मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे, जिससे लंबी दूरी तय करके आ रहे कांवड़ियों को जरूरत पड़ने पर तुरंत उपचार दिया जा सके। कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरी को शिविरों से जोड़ा गया है। किसी भी आपात स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस को तैयार रखा गया है। अस्पतालों को इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 'बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ हुआ भेदभाव', इंडिया ब्लॉक के सांसदों का विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।



बजट को विपक्ष ने भेदभावपूर्ण बताया है और बुधवार को संसद भवन परिसर में बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### अखिलेश यादव का तंज

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को? डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था, दिल्ली का लाभ लखनऊ का लाभ लेकिन लगता है कि दिल्ली अब लखनऊ की ओर नहीं देख रही है या लखनऊ वालों ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया और इसका परिणाम बजट में दिखाई दे रहा है। विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं? बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।'

### खरगे ने बजट को बताया अन्याय

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'यह अन्याय है। हम इसका विरोध करेंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'यह अन्याय है। हम इसका विरोध करेंगे।' वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, 'यह बजट भारत सरकार के बजट जैसा नहीं लगता। इस बजट में संघीय ढांचे को तोड़ा गया है। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्य बजट से गायब हैं। यह सरकारी बजट नहीं बल्कि 'सरकार बचाओ बजट' है। यह सिर्फ सबको खुश करने के लिए है।' बजट के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। वहीं लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय बजट के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की।

# यूपी में नौ आईएएस, पांच पीसीएस अफसरों के तबादले

## फिरोजाबाद और कानपुर नगर के सीडीओ बदले

**लखनऊ।** यूपी में नौ आईएएस व पांच पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। कई जिलों के सीडीओ व एसडीएम की तैनाती में फेरबदल किया गया है। यूपी में नौ आईएएस व पांच पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। कानपुर नगर और फिरोजबाद के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बदले गए हैं। आईएएस सुधीर कुमार नगर आयुक्त कानपुर नगर बनाया गया है वो अभी तक सीडीओ कानपुर नगर थे। आईएएस दीक्षा जैन सीडीओ कानपुर नगर बनाया गया है अभी तक वह सीडीओ फिरोजबाद थीं। आईएएस शत्रुघ्न बैश्य सचिव कानपुर विकास प्राधिकरण कानपुर नगर को सीडीओ फिरोजाबाद बनाया गया है। आईएएस प्रेरणा सिंह को ग्रेटर नोएडा अथारिटी की एसीईओ नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस शिव प्रसाद को प्रबन्ध निदेशक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम बनाया गया है वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के पद पर कार्यरत थे।




आईएएस डॉ कंचन शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल को अपर आयुक्त आगरा मंडल बनाया गया है। आईएएस अरुण कुमार अपर आयुक्त बरेली मंडल को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल बनाया गया है। इसी तरह शीलधर सिंह यादव अपर आयुक्त लखनऊ मंडल को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस रणविजय यादव अपर आयुक्त लखनऊ मंडल को विशेष सचिव सिंचाई विभाग नियुक्त किया गया है।

#### पीसीएस अफसरों के तबादले

- सिटी मैजिस्ट्रेट लखनऊ पीसीएस सिद्धार्थ कानपुर के नये एडीएम एफआर बनाये गये हैं।
- सिटी मैजिस्ट्रेट गोरखपुर पीसीएस मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन नोएडा बनाया गया है।
- एसडीएम बुलन्दशहर पीसीएस विमल किशोर गुप्ता को मेरठ का एडीएम न्यायिक बनाया गया है।
- पीसीएस पंकज दीक्षित एसडीएम बहराइच को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है।
- पीसीएस शालिनी सिंह तोमर सहायक निदेशक स्थानीय निकाय को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है।

# वाराणसी में नकली क्राइम ब्रांच का सरगना असली दरोगा

## कारोबारी के 42 लाख लूटे, गैंग बनाकर करता था वारदात

**वाराणसी।** वाराणसी में वर्दी की आड़ में दरोगा ही लूट का गिरोह चला रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला कि दरोगा ने 4 शातिर युवकों के साथ नकली 'स्पेशल क्राइम ब्रांच' बनाई और हाईवे पर लूट की वारदात शुरू कर दी। दोस्त रेकी करते थे। फिर दरोगा साथियों के साथ छापेमारी करता और जब्त माल को आपस में बांट लेते थे। आरोपी दरोगा की पहचान सूर्य प्रकाश पांडे के रूप में हुई है। 22 जून को दरोगा ने जीटी रोड पर ज्वेलरी कारोबारी के कर्मचारियों से 93 लाख रुपए पकड़े थे। हवाला का पैसा बताकर 42.50 लाख रुपए रख लिए और 50 लाख लौटा दिए। कारोबारी ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच शुरू की। वारदात के वक्त दरोगा का नंबर घटनास्थल पर मिला। इसके बाद कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद पुलिस ने दरोगा और उसके 2 साथियों को हिरासत में लिया। 40 घंटे तक पूछताछ की। दरोगा से अब तक 8 लाख बरामद हो चुके हैं। उसके 2 साथी अभी भी फरार हैं। दरोगा 2019 बैच में भर्ती हुआ और प्रयागराज का निवासी है।



सूर्य प्रकाश पांडे
आरोपी दरोगा



### पुलिस ने लूट का किया खुलासा, 3 लोग गिरफ्तार, 2 फरार

22 जून को 42 लाख की लूट में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि 2 आरोपी अभी फरार हैं। बुधवार को डीसीपी गौरव बंशवाल और एडीसीपी नीतू कादयान ने लूट का खुलासा कर दिया।

**डीसीपी ने बताया :** 24 जुलाई को रामनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चौकी भीटी के पास बंदरगाह रोड पर दबिश देकर 3 आरोपियों को पकड़ लिया। इनके पास से 8 लाख 5 हजार नगद, 2 पिस्टल 32 बोर, जिंदा कारतूस और बाइक बरामद किया गया है। अभियुक्त विकास मिश्रा के पास से लूट के 5,70,000 रुपए नगद व एक पिस्टल 32 बोर और जिंदा कारतूस मिला। जबकि अजय गुप्ता के पास से 2 लाख रुपए नगद और सूर्य प्रकाश पांडेय के पास से 35 हजार नगद, पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोगों के साथ नीलेश यादव, मुकेश दुबे उर्फ हनी व योगेश पाठक उर्फ सोनू पाठक भी शामिल थे।

### मोबाइल बंद कराए, धमकाकर 42 लाख वसूला

पुलिस ने बताया कि 22 जून की रात नीचीबाग कूड़ाखाना गली निवासी सर्राफ कारोबारी जयपाल ने अपने 2 कर्मचारियों को 93 लाख रुपए का देकर बस में बैठाया। दोनों वाराणसी से कोलकाता जा रहे थे। कारोबारी जयपाल कर्मचारी अविनाश और धनंजय को बैठाकर घर आ गए।

थोड़ी देर बाद अविनाश ने कारोबारी को फोन किया। कहा- पुलिस ने कैश पकड़ लिया है। एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में और 2 सादे कपड़े में थे। उन्होंने खुद को चंदौली के सैयदराजा थाना की क्राइम टीम का हिस्सा बताया और हमें बस से नीचे उतार लिया। बिना नंबर प्लेट की कार में बैठाया।

हमारे मोबाइल बंद करा दिए। हम दोनों से पूछताछ की। डरा-धमाकर 90 लाख में से 42 लाख 50 हजार रुपए ले लिए और फरार हो गए। हमने उन्हें बताया कि लीगल पैसा है, उन्हें डॉक्यूमेंट्स भी दिखाया, लेकिन उन्होंने एक न सुनी और पैसे लेकर चले गए।

# मध्य प्रदेश में 'अग्रदूत' से मिलेगी सारी सूचनाएं, मुख्यमंत्री ने की लॉन्चिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ नागरिकों तक पहुंच बनाने एवं लाभार्थियों को योजनाओं संबंधी जानकारी भेजने के लिए संचार क्रांति का भरपूर उपयोग कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'अग्रदूत' पोर्टल को लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश में 'सूचना ही शक्ति है' के मंत्र को सार्थक करने वाला 'अग्रदूत' पोर्टल अपने आप में अद्भुत पहल है।



किसी भी राज्य के जनसंपर्क विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं त्वरित सूचनाओं के लिए इस तरह की अभिनव पहल पहली बार की गई है। लॉन्चिंग के अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहला मैसेज लाडली बहनों को भेजा। यह मैसेज सावन में रक्षा बंधन के शगुन स्वरूप एक अगस्त को लाडली बहनों के बैंक खातों में 250 रुपए अंतरित करने संबंधी है। मध्य प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया 'अग्रदूत' पोर्टल 'सूचना ही शक्ति है' की पहल पर काम करेगा। यह लक्षित समूह तक सिंगल क्लिक में सूचनाएं प्रसारित करने के लिए जनसंपर्क विभाग की अभिनव पहल है। 'अग्रदूत' पोर्टल द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के टार्गेट ऑडियंस तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकेंगी। पोर्टल के माध्यम से त्रिस्तरीय रिव्यू के बाद संदेश लोकप्रिय मोबाइल मैसेजिंग ऐप व्हाट्सअप पर शेयर किया जाएगा। इसके माध्यम से एक साथ मल्टी मीडिया मैसेज (ग्राफिक्स, टेक्स्ट, लिंक, वीडियो) भी शेयर किए जा सकेंगे। इसके माध्यम से नागरिकों तक आसानी से सूचनाएं पहुंचाई जा सकेगी।

# हरिद्वार में कांवड़ यात्रा मार्ग की हालत खस्ता

## जलभराव और कीचड़ के बीच पार्किंग में खड़े हो रहे वाहन

### सीएम के निर्देश पर भी नहीं सुधरे हालात

**हरिद्वार।** बम भोले के जयकारों से पूरा हरिद्वार गूंज रहा है। हर तरफ शिव भक्त नजर आ रहे हैं। लेकिन सरकार के लाख दावों के बावजूद भी व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई है। हल्की बारिश से ही हालत बिगड़ रहे हैं। पार्किंग से लेकर कांवड़ियों के रहने के स्थान पर गंदगी का अंबार है। गंदगी की जल भराव की वजह से बीमारियों का भी खतरा बन गया है। पार्किंग में हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ हरिद्वार की पंतदीप पार्किंग है। जहां आपको हर तरफ गंदगी ही गंदगी नजर आएगी। हल्की बारिश से ही यहां हर तरफ पानी ही पानी नजर आता है। कांवड़ियों के वाहन पानी में ही खड़े है। ऐसा नहीं है कि यह पार्किंग फ्री है बल्कि सरकार को इससे मोटी कमाई हो रही है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर सब जीरो हैं।



### डेंगू और अन्य बीमारियों का खतरा बना

गंदे पानी की वजह से डेंगू मच्छर और कई तरह की बीमारियां के पनपने का खतरा ही बढ़ रहा है। जहां गंदगी नजर आ रही है वहां आपको खाने के ढाबे, चाय की दुकान और ठेले भी दिख जाएंगे। यहां आने वाले लोग और कांवड़िए इसी गंदगी में बैठकर खाना खाते हैं। लेकिन सफाई के नाम पर हरिद्वार नगर निगम और एचआरडीए की व्यवस्था धड़ाम है।

शिव की कांवड़ और मूर्ति भी गंदगी में रखी अब जरा कांवड़ के हाल भी देख लीजिए, जिस कांवड़ को कांवड़िए छूने तक नहीं देते, वह भी गंदगी में है, बारिश से भरे पानी में डूबी है। दुकानदारों को भी काम करने में परेशानी हो रही है। राहगीर और समान बेचने वाले गंदगी में चलने को मजबूर है। भगवान शिव की मूर्तियां भी आपको जमीन पर रखी नजर आ जाएंगी।



### बड़ी-बड़ी बैठकों के बाद भी क्यों नही सुधर पाए हालत

जिस कांवड़ मेले को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर सचिवों और डीएम ने बैठकें की। फिर भी ऐसे हालात बने हुए हैं।

#### लखनऊ में वीडियों भर्ती-2018 अभ्यर्थियों ने पिकप भवन घेरा

# रिजल्ट घोषित न किए जाने से नाराज, बोले- एसएसएससी के सचिव सिर्फ दे रहे आश्वासन

**लखनऊ।** लखनऊ में वीडियो भर्ती-2018 का रिजल्ट नहीं आने पर अभ्यर्थियों ने पिकप भवन का घेराव किया। अभ्यर्थियों की मांग है कि यूपी रररउ द्वारा रिजल्ट नहीं जारी किया जा रहा है। फिलहाल मौके पर पहुंची विभूति खंड थाना पुलिस ने अभ्यर्थियों को समझा-बुझाकर इको गार्डन ले गई है। परीक्षा को लेकर विभागीय जांच हुई फिर समिति की जांच हुई।




इसके बाद परीक्षा को निरस्त करने का फैसला लिया गया। निरस्त होने के बाद इन बच्चों से बिना फीस लिए दोबारा परीक्षा करानी थी। इस मामले को लेकर उच्चतम स्तर तक कई बार बैठकें हुई। निर्णय हुआ की शासन बजट देगा और परीक्षा होगी। इसके बाद यह परीक्षा जून 2023 में दोबारा आयोजित हुई थी। धांधली के कारण रद्द हुई परीक्षा उत्तर प्रदेश सब ऑर्डिनेट सर्विस सेलेक्शन कमीशन (उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, UPSSSC) द्वारा आयोजित की गई ग्राम पंचायत अधिकारी सहित 1953 पदों की भर्ती परीक्षा को धांधली के कारण रद्द कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने साल 2018 में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक के 1953 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसके बाद परीक्षा का आयोजन किया गया। इसका डेढ़ वर्ष पहले रिजल्ट भी जारी हो चुका था। आयोग का दावा- अगस्त में आएगा रिजल्ट, सभी के डॉक्यूमेंट हो चुके हैं वेरिफिकेशन वढररउ के अधिकारियों का दावा है कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो चुका है। आखिरी रिजल्ट बन रहा है। अगस्त तक रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। बच्चों को फिर आश्वस्त करते हैं कि परीक्षा के बारे में शिकायत मिली थी। आयोग ने जांच करके निर्णय लिया और निरस्त कर आपको न्याय देने का पूरा प्रयास किया।

# उत्तराखंड में रेलवे को मिले 5131 करोड़, चार नई परियोजनाओं को मिलेगी गति

**देहरादून।** आम बजट में उत्तराखंड को रेलवे के लिए 5131 करोड़ रुपये मिले हैं। यह जानकारी बुधवार को वर्चुअल प्रेस वार्ता में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन और चार नई परियोजनाओं को भी गति मिलेगी। वहीं, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का काम 2026 तक पूरा हो जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश, उत्तरकाशी, बागेश्वर, गरसैंण, बागेश्वर, टनकपुर और देहरादून-सहारनपुर रेल लाइन की डीपीआर भी बनेगी। कि हर साल प्राकृतिक आपदाओं का दर्द झेलने वाले हिमालयी राज्य उत्तराखंड की चिंता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में दिखी थी।

**Lost and Found**

I have lost my original registry paper of my plot no. 95 shani lakshmibai nagar, khasra no 14/1, colony handbast, gram dhundheda, gzb. If anyone found, please contact: Nattho Devi w/o Prabhu singh m. 8451844248

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।गुरुवार 25 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# मेरठ रोड पर कांवड़ यात्रा की तैयारियां हुई तेज

## सीसीटीवी, इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन और वॉच टावर किए गए सेट

## नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने भी संभाल ली है कमान

करंट क्राइम लाइव रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैयारियों का सिलसिला तेज हो चुका है। मेरठ रोड स्थित कांवड़ मार्ग पर दुहाई से लेकर कंट्रोल रूम मेरठ मोड तिराहे तक जगह-जगह सीसीटीवी लगाने के साथ ही नमो भारत ट्रेन के चेंबर में बने पाइपलाइन की साफ सफाई की जा रही है। इसके साथ ही सड़क किनारे लगने वाले पारंपरिक कांवड़ शिविरों में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसके साथ ही कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के लिहाज से इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन, इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड और कांवड़ यात्रा से संबंधित रूट डायवर्जन वाले बोर्ड लगा दिए गए हैं। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में वॉच टावर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सड़क मार्ग को संतुलित करने के साथ ही यहां जलभराव ना हो, उसे दूर करने का काम नगर निगम की ओर से शुरू करवा दिया गया है। बता दें कि कांवड़ यात्रा में 27 तारीख से हल्के वाहनों पर भी रोक लग जाएगी और शिव भक्तों की भीड़ सैलाब के रूप में देखने को मिलेगी।

### हर 500 मीटर की दूरी पर रहेगा सीसीटीवी



**करंट क्राइम।** सावन मास की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक और बिना किसी घटना, दुर्घटना के पूरा करने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा प्लान बनाया गया है कि मेरठ रोड और मुख्य कांवड़ मार्ग पर हर 500 मीटर की दूरी पर सीसीटीवी लगाया जाए, ताकि सभी मार्ग सुरक्षित रखे जा सके और पुलिस के पास डिजिटल साक्ष्य मौजूद रहें। इसके लिए बड़ी संख्या में कांवड़ मार्ग पर कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही इसका कंट्रोल रूम मेरठ रोड स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क के निकट बनाया गया है।

### नमो भारत रेल की पाइपलाइन की जा रही है साफ



**करंट क्राइम।** कांवड़ मार्ग पर किसी प्रकार की गंदगी और जलभराव ना हो, इसके लिए मेरठ रोड पर संचालित नमो भारत रेल के चैंबर्स के साथ बने पाइपलाइन को साफ सफाई का काम तेज कर दिया गया है। आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना है, ऐसे में सड़कों पर जलभराव ना हो और पाइप से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर ना आए। इसके इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर निगम और नमो भारत ट्रेन के अधिकारियों ने इसको लेकर कोआर्डिनेशन कर लिया है ताकि आने वाली कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आए।

### मेरठ रोड पर कांवड़ शिविर बनने शुरू



**करंट क्राइम।** दुहाई से लेकर मेरठ रोड तिराहे तक बड़ी संख्या में सड़क के दोनों ओर कांवड़ शिविर लगाए जाते हैं। इस दौरान अलग-अलग स्वयंसेवी लोग शिव भक्तों की सेवा के लिए उन्हें नाश्ता, दोपहर का खाना और रात का भोजन परोसने का काम करते हैं। इस दौरान कांवड़ियों के आराम करने के लिए टेंट और उनके उपचार और खाने की व्यवस्था की जाती है। इसको लेकर बड़ी संख्या में कांवड़ शिविर लगाए जाते हैं। जिनको लगाने का काम मेरठ रोड पर इन दिनों तेज गति से शुरू हो गया है।

### इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन और कांवड़ दिशा सूचक बोर्ड बताएंगे मार्ग



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब से भी शिव जी के भक्त हरिद्वार और अन्य स्थानों से गंगाजल लाने के लिए दौड़ लगाते हैं। वह गंगाजल लेकर जब लौटते हैं, तो रास्ते में वह मार्ग ना भटके इसके लिए गाजियाबाद की अलग-अलग सीमाओं और प्रमुख इलाकों में इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड नगर निगम, सिविल डिफेंस और यातायात पुलिस द्वारा लगवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न मार्ग पर कांवड़ यात्रा रूट डायवर्जन संबंधित बोर्ड और बैनर भी लगाए जा रहे हैं ताकि भोले बाबा के भक्त कांवड़ियों का कहीं पर भी गलत दिशा में प्रवेश न हो और उनको अपनी यात्रा के दौरान परेशान ना होना पड़े। इसके साथ ही प्रमुख स्थानों पर यातायात पुलिस और सिविल पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

### सड़क पर किया जा रहा है सुधार कार्य



करंट क्राइम। कांवड़ यात्रा को लेकर नगर निगम भी पूरी तरीके से काम करने में लगा हुआ है। बकायदा मेरठ रोड पर कंट्रोल रूम बनाने से लेकर कांवड़ मार्ग पर जो गड्ढे या टूटी सड़क है उनको दुरुस्त किया जा रहा है। साथ ही जहां जलभराव होने की संभावना है, वहां मोटर पंप लगाए जाएंगे ताकि बारिश होने की स्थिति में जलभराव ना हो और शिव भक्तों को गंदे पानी के बीच से ना गुजरना पड़े।

### लगा दी गई वॉच टावर, जल्द तैनात होंगे पुलिसकर्मी



करंट क्राइम। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रशासन और पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इसको देखते हुए मेरठ रोड से लेकर दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह वॉच टावर लगाए गए हैं। वॉच टावर पर तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों का ड्यूटी चार्ट जोनवार तैयार कर दिया गया है। वॉच टावर पर तैनात रहने वाले पुलिसकर्मी टॉर्च, मोबाइल, दूरबीन, वॉकी-टॉकी और मोबाइल कैमरे से लैस रहेंगे ताकि यह किसी भी आपात स्थिति में सूचना एकत्रित करने और उसे भेजने का काम कर सकें।



सभी वरूण लाहौरिया

### ड्रोन के जरिए भी होगी कांवड़ मार्ग की निगरानी



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है की कांवड़ यात्रा को लेकर लगातार मुख्यमंत्री और डीजीपी कार्यालय स्तर से निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के लिहाज से ड्रोन के जरिए भी कांवड़ मार्ग और कांवड़ियों पर निगरानी रखने का काम होगा। साथ ही उनकी सुरक्षा और अन्य इंतजाम आदि इससे देखे जाएंगे। वहीं अधिकारी किसी भी इलाके की अपडेट ड्रोन की लाइव फुटेज से ले पाएंगे।



# विधानसभा उपचुनाव में अनुभवी महिला चेहरों को लेकर उठी है आवाज

## पूर्व महिला जनप्रतिनिधियों को मिले विधानसभा में मौका

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें एक सीट गाजियाबाद सदर सीट भी है। इस सीट को शहर विधानसभा सीट भी कहा जाता है। इस सीट से लगातार दूसरी बार भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीते अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हो गये हैं। लोकसभा सासंद निर्वाचित होने के बाद उन्होंने शहर विधानसभा सीट से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा। अब ये सीट रिक्त है और इस पर उपचुनाव होना है। अलग-अलग समीकरण के आधार पर यहां दावेदारी हो रही है और दावेदारी का सबसे बड़ा मेला भाजपा में है। यहां केवल इसी विधानसभा में रहने वाले दावेदार नहीं है बल्कि अन्य विधानसभाओं से भी दावेदार हैं। जातीय समीकरण पर दावेदारी हो रही है और अब दावेदारी में एक नया मोड महिला दावेदारी का भी है। भाजपा की एक सीनियर लॉबी ये मान रही है कि यहां वरिष्ठता से ज्यादा अनुभव को तरजी दी जाये। उनका कहना है कि मुद्दा केवल विधानसभा का कार्यकाल पूरा करने का नहीं है। मुद्दा इस सीट को भाजपा के पास बरकरार रखने का है। ऐसे में ये जरूरी है कि जो भी जनप्रतिनिधि आये वो अपने व्यवहार से अपने काम से एक ऐसी छाप छोड़े की इस सीट पर जनता की पसंद भाजपा रहे। ऐसे में ये एक आवाज है कि शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में उन महिला चेहरों को मौका दिया जाये जो पूर्व में जनप्रतिनिधि रहीं है। ये जरूरी नहीं है कि वो इसी विधानसभा से हों लेकिन उनका जनप्रतिनिधि पद पर रहना जरूरी है। ये एक नया प्रयोग भी हो सकता है और इस प्रयोग के कई मायने भी हो सकते हैं। विधानसभा उपचुनाव में अनुभवी महिला चेहरों की बात करें तो यहां पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना भाटी के चेहरे प्रमुख रूप से हैं। भाजपा की लॉबी ये स्पष्ट रूप से मान रही है कि जो पहले जनता का विश्वास हासिल कर चुके हैं उन्हे एक मौका दिया जाये। जिससे विधानसभा पर भाजपा की पकड़ बरकरार रहे। भाजपा वैसे भी महिला शक्ति को प्राथमिकता देती है और यदि यहां अनुभवी महिला चेहरों को मौका मिलेगा तो भाजपा नेता की योग्यता पर भाजपा का ही कब्जा बरकरार रहेगा। ऐसा भाजपा की एक लॉबी का मानना है।

### पार्षद से मेयर का सफर और लोकप्रियता की है अपनी डगर



**करंट क्राइम।** आशा शर्मा मेयर रही हैं और वो भाजपा का एक ऐसा चेहरा हैं जिन्हें मूल भाजपाई कहा जा सकता है। पूरी उम्र भाजपा विचारधारा के साथ राजनीति की है। संगठन से लेकर सदन तक का अनुभव है। वो दो बार पार्षद रहीं हैं और एक बार मेयर रही हैं। मेयर चुनाव में रिकार्ड वोटों से चुनाव जीतीं हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उनका व्यवहार उन्हें लोकप्रिय बनाता है। वो नगर निगम के अपने मेयर कार्यकाल में दीदी के नाम से ज्यादा प्रसिद्ध रही हैं। नगर निगम का रिकार्ड बता देगा कि वो ऐसी मेयर रही है जिन्हें केवल भाजपा नहीं बल्कि विपक्षी दलों के पार्षदों का भी पूर्ण बहुमत साथ था। एक ऐसी मेयर के रूप में पहचान है जिनका सम्मान विपक्षी दलों के पार्षद करते थे। आज भी किसी कार्यक्रम में पहुंचती हैं तो उनकी टीआरपी दिखाई देती है। जहां तक बात एक जनप्रतिनिधि के रूप में काम करने की है तो गाजियाबाद को उत्तर प्रदेश में पहला स्वच्छता अवार्ड उन्हीं के कार्यकाल में मिला है। मेयर रहते हुए उनके कार्यकाल में नगर निगम की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर कई बार हुई है। कई प्रोजेक्ट आये हैं। आशा शर्मा वर्किंग विजन से लेकर अपने लोकप्रिय व्यवहार दोनों के पैमाने पर फिट बैठती हैं। यदि इस चेहरे को मौका मिलता है तो यहां भाजपा एक ऐसे विधायक को ला सकती है जो जनता का पक्ष सदन में रखे और सरकार की विचारधारा को जनता के बीच तक पहुंचाये।

### खोड़ा नगर पालिका के साथ लिया है रीना भाटी ने विकास का अनुभव



**करंट क्राइम।** रीना भाटी खोड़ा नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने कई योजनाओं का लाभ खोड़ा निवासियों को दिया। खोड़ा के अधिकारों को लेकर उन्होंने कई बार मोर्चा भी खोला। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी पहचान एक ऐसी महिला जनप्रतिनिधि के रूप में बनाई जो जनहित के मुद्दों पर अड़ना और लड़ना जानती है। शहर विधानसभा से जनप्रतिनिधि के रूप में रीना भाटी का नाम भी मुफीद माना जा रहा है।

अगर इस चेहरे को मौका मिलता है तो भाजपा यहां तीन कॉलम एक साथ पूरे कर सकती है। रीना भाटी के रूप में वो महिला शक्ति के कॉलम को पूरा करेगी। गुर्जर बिरादरी को टिकट में भागीदारी मिलेगी और पूर्व जनप्रतिनिधि वाला कॉलम भी पूरा हो जायेगा।

### हो सकती है सितंबर माह में अधिसूचना जारी

**करंट क्राइम।** शहर विधानसभा में चुनावी पारी कब शुरू होगी, इसको लेकर सब कयास लगा रहे हैं। क्योंकि एक वार्ड में भी चुनाव होना है और यहां का चुनाव टल गया है क्योंकि जरूरी सूचना ही देर से भेजी गई। ऐसे में अब शहर विधानसभा के उपचुनाव पर सभी की निगाहें हैं। उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर उपचुनाव होना है। चुनाव तो होना है लेकिन कब होना है इसको लेकर कयास लगाये जा रहे हैं और सूत्र बता रहे हैं कि यहां सितम्बर माह में कभी भी अधिसूचना जारी हो सकती है और चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद अक्टूबर या नवंबर माह के शुरू में ही यहां चुनाव हो जायेगा। चुनाव आयोग सितम्बर माह में अधिसूचना जारी करेगा और अक्टूबर या नवंबर माह के प्रथम सप्ताह तक चुनाव हो सकते हैं।

### विकास का विजन रखती हैं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी



**करंट क्राइम।** लक्ष्मी मावी गाजियाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं हैं। वो भाजपा नेता पवन मावी की पत्नी हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में सक्रिय कार्यकाल रहा है। बेहतर तरीके से विकास योजनाओं पर काम कर सकती हैं। अपनी बात को कहने की क्षमता रखती हैं। सबने देखा था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गाजियाबाद में मेट्रो का उद्घाटन करने आये थे तो शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन पर प्रधानमंत्री का स्वागत हाथ मिलाकर करने वाली महिला जनप्रतिनिधि लक्ष्मी पवन मावी हीं थी। गजब का कांफीडेंस चेहरे पर और लहजे में शालीनता के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया था। ये अनुभवी चेहरा भी विधानसभा वाली दौड़ में शामिल हैं।

# जीआरपी गाजियाबाद ने पकड़े तीन शातिर मोबाइल चोर

## बरामद 128 मोबाइल की कीमत लगभग 35 लाख से अधिक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीआरपी गाजियाबाद पुलिस ने तीन ऐसे शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं, जो दिल्ली-एनसीआर में अलग-अलग लोकल और वीआईपी ट्रेन में चढ़कर यात्रियों के मोबाइल, पर्स और नगदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देते थे। इन मोबाइल को मोबाइल डीलर को बेंच दिया करते थे, जो बिहार और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेज दिए जाते थे। पुलिस इस मामले में इनका अन्य लिंक भी खोज रही है।

वहीं जीआरपी गाजियाबाद ने बताया है कि पकड़े गए चोरों का पुराना इतिहास है। यह लंबे समय से चोरी कर रहा था, गिरफ्तार किए गए सभी चोर मुंगेर गैंग के सदस्य बनाए जा रहे हैं। क्षेत्राधिकार जीआरपी गाजियाबाद सुदेश कुमार गुप्ता, जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक गाजियाबाद अनुज मलिक ने पूरे गिरोह के बारे में जानकारी दी है। जीआरपी गाजियाबाद का कहना है कि बरामद किए गए 128 मोबाइल फोन की कीमत लगभग 35 लाख रुपए से अधिक की है।

### मुंगेर का गैंग पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजता था मोबाइल फोन

#### कई महीनो से गिरोह को ट्रेस कर रही थी जीआरपी गाजियाबाद

**करंट क्राइम।** क्षेत्राधिकारी सुदेश गुप्ता ने जानकारी दी है कि जीआरपी गाजियाबाद प्रभारी अनुज मलिक की टीम में उप निरीक्षक सतपाल, सत्येंद्र, अमित के साथ ही हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, हिमांशु मलिक, अनुज मालिक और कांस्टेबल अनुज चौहान व समीर अहमद कई महीनो से अलग-अलग रेलगाड़ियों में मोबाइल फोन, कैश और अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह को ट्रेस करने का काम कर रहे थे। बीते दिनों गिरोह के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद गिरोह के तीनों सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे माल बरामदगी की गई है। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार गिरोह को जेल भेज दिया है।

#### गैंग के निशाने पर होते थे महंगे फोन, मिनटों में कर देते थे साफ

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अनुज मलिक ने बताया है कि पकड़ा गया रविंदर उर्फ परसी, दीपक और गौतम तीनों मुंगेर बिहार निवासी हैं। उनकी उम्र भी अधिक नहीं है। यह लंबे समय से अलग-अलग वीवीआईपी और सुपरफास्ट ट्रेनों में लोगों के अलग-अलग कंपनियों के महंगे फोन चोरी करने का काम किया करते थे। पुलिस ने इनसे लगभग 128 अलग-अलग कंपनियों के महंगे फोन बरामद किए हैं। जिनकी कीमत 35 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। साथ ही इन चोरों के खिलाफ पूर्व में भी कई जनपदों में मुकदमे दर्ज होने की सूचना है।

## संपादकीय

# आधुनिकता के दौर में अकेलेपन का दंश

सभ्यता के विकास-क्रम में कायदे से होना यह चाहिए था कि सामाजिकता की जड़ें मजबूत हों और सरोकार की संवेदना को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले। मगर आधुनिक समाज में नए-नए तकनीकों के सहारे रोज आधुनिक होती दुनिया में मनुष्य की पहुंच का दायरा तो विस्तृत हुआ है, मगर इसी क्रम में एक नई समस्या यह पैदा हुई है कि हजारों मील दूर किसी व्यक्ति से रिश्तों के आभासी तार जोड़ने वाला कोई इंसान वास्तविक समाज के साथ जुड़ाव को महसूस करने की संवेदना खोता गया। यह बेवजह नहीं है कि बहुत सारे लोग अकेलेपन के दंश को अलग-अलग रूप में झेलते हैं, मगर इसकी वजहों और हल को लेकर उनके भीतर कोई स्पष्टता नहीं बन पाती। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द रूप में परिभाषित किया है। अगर कोई व्यक्ति इस समस्या के जाल में खुद को फंसा हुआ पा रहा है और उसके प्रति सहज या अनुकूलित होता जा रहा है, तो इससे ऐसे व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सेहत में तेज गिरावट हो सकती है। एक शोध में इसका आकलन इस रूप में किया गया है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव हर रोज पंद्रह सिगरेट पीने के बराबर का स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।

दरअसल, अलग-अलग कारणों से अपने दायरे में सिमटते जा रहे लोग न केवल सामूहिकता बोध से वंचित हो रहे हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को पलने का मौका दे रहे हैं। अफसोस यह है कि स्मार्टफोन या आधुनिक यंत्रों को बहुत सारे लोग आज अपने सामाजिक संबंधों के दुनिया भर में विस्तृत होने का जरिया मानते हैं। मगर इंटरनेट पर लोगों की फैलती दुनिया कितनी आभासी है, इसका पता तब चलता है, जब किसी गंभीर मानसिक या शारीरिक परेशानी में लोग फंसते हैं और उस समय उन्हें वास्तविक दुनिया के मनुष्यों की जरूरत होती है। तब उन्हें अपने परिजन, रिश्तेदार, करीबी दोस्त याद आते हैं, जो उसे इस संजाल से निकलने में मदद कर सकते हैं। मगर तकनीक आधारित कथित आधुनिकता के मूल्यों और उसमें सिमटती दुनिया में लोग लगातार भीड़ में अकेले पड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि लोगों के बीच प्रत्यक्ष रूप से आपसी मेलजोल बढ़े, सहयोग पर आधारित सामाजिकता बोध की भावना मजबूत हो।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। तस्वीरे कुछ खास अहसास कराती हैं। अंकुर गुप्ता का आज हैप्पी बर्थडे है और कुछ हैप्पी फील पूरा परिवार कर रहा है। मम्मी छाया गुप्ता ने बेटे अंकुर गुप्ता की हर सफलता हर खुशी के लिए उसके जन्मदिन पर विशेष कामना की। मौसी नमिता भल्ला ने अंकुर गुप्ता के जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। पत्नी पूजा और पुत्र ईशु के लिए तो अंकुर ही पूरा संसार है। उन्होंने जन्मदिन पर विशेष रूप से अंकुर गुप्ता की कामयाबी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## कैपिटल गेन टैक्स में बदलाव का शेयरों की खरीद-बिक्री पर क्या होगा असर?

**मुंबई।** आम बजट 2024 में कैपिटल गेन पर टैक्स में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसका असर सीधे तौर पर निवेशकों को होने वाले मुनाफे पर पड़ेगा। बजट में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 15 प्रतिशत था। यानी अब कोई भी निवेशक 12 महीने से पहले किसी भी लिस्टेड कंपनी के शेयरों को बेचकर मुनाफा कमाता है तो उसे मुनाफे पर 20 प्रतिशत टैक्स का भुगतान करना है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। अब निवेशकों को 12 महीने से ज्यादा समय तक होल्ड किए गए शेयरों को बेचने पर हुए मुनाफे पर 12.5 प्रतिशत टैक्स देना होगा।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'नई क्रेडिट गारंटी स्कीम से उत्तर प्रदेश की छोटी इकाइयों को मिलेगी बड़ी राहत'




**लखनऊ।** आम बजट में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) क्षेत्र के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सबसे प्रमुख घोषणा एक नई क्रेडिट गारंटी स्कीम की है, जिसके तहत एमएसएमई इकाइयों को कोलेट्रल फ्री ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए एक स्व-वित्तपोषित गारंटी फंड स्थापित किया जाएगा, जो प्रत्येक उधारकर्ता को 100 करोड़ रुपए तक का गारंटी कवर प्रदान करेगा। इस पहल से उत्तर प्रदेश की उन छोटी इकाइयों को भी लाभ मिलेगा जो अपरिहार्य कारणों से समय पर ऋण चुकता नहीं कर पा रही हैं और इससे उनके खातों को एनपीए होने से भी बचाया जा सकेगा। राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि वर्तमान में एमएसएमई इकाइयों को विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी आर्थिक स्थिरता पर पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए बजट में एक नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल पेश किया जाएगा, जो डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर ऋण की स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। उन्होंने बताया कि यह नई प्रणाली बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करेगी, जो अब तक परंपरागत रूप से असेट्स और टर्नओवर के आधार पर ऋण देती रही हैं। बजट में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने की घोषणा की गई है। यह सुविधा उन इकाइयों के लिए होगी, जिन्होंने पूर्व में लिए गए ऋण को तय समय सीमा में चुकाया है। एमएसएमई क्लस्टर्स में अगले तीन वर्षों में सिडबी की 24 नई शाखाएं खोली जाएंगी, जिससे एमएसएमई इकाइयों को ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण की सीमा को वर्तमान 500 करोड़ रुपए से घटाकर 250 करोड़ रुपए कर दिया गया है, जिससे अधिक एमएसएमई इकाइयां इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हो सकेंगी और आसानी से क्रेडिट प्राप्त कर सकेंगी। पीपीई मॉडल पर ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपने उत्पादों को बेचने में मदद करेंगे। इसके साथ ही, 100 एनएबी मान्यता प्राप्त फूड टेस्टिंग लैब्स खाद्य प्रसंस्करण संबंधित इकाइयों को उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षण सेवाएं प्रदान करेंगी।

## अदाणी ग्रीन ने खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में शुरू किया पवन ऊर्जा का उत्पादन

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को कहा कि कंपनी ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 30,000 मेगावाट (30 गीगावाट) क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में पहली 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2,250 मेगावाट हो गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के पास भारत में सबसे बड़ा ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो है, जिसका आकार 11,184 मेगावाट का है। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की ओर से इस दौरान कहा गया कि खावड़ा भारत में सबसे



बड़ा पवन ऊर्जा का सोर्स है। 8 मीटर प्रति सेकंड की हवा की रफ्तार इसे पवन ऊर्जा उत्पादन के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाती है।

खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में दुनिया की सबसे बड़ी और अधिक क्षमता वाली ऑफशोर विंड टरबाइन लगी है, जिसमें प्रत्येक की क्षमता 5.2 मेगावाट है। 5.2 मेगावाट क्षमता वाली इस टरबाइन के रोटर का व्यास 160 मीटर है और इसकी ऊंचाई करीब 200 मीटर है, जोकि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर है और दुनिया में सबसे बड़े हैं। खावड़ा में लगी 5.2 मेगावाट की विंड टरबाइन बनाने में जर्मन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है और यह अदाणी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड की मुद्रा पोर्ट स्थित फैक्ट्री में बनाई गई है। अदाणी ग्रीन की ओर से खावड़ा की बंजर जमीन को क्लीन और किफायती ऊर्जा के हब के रूप में बदल दिया गया है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट आसानी से 1.61 करोड़ घरों को ऊर्जा दे सकता है।

## बजट में नौ शीर्ष प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य का न होना चिंता का विषय : विशेषज्ञ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2024-25 को लेकर विशेषज्ञों ने कहा है कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रुझानों का बेहतर तरीके से ध्यान रखा गया, लेकिन सरकार की नौ शीर्ष प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य का उल्लेख नहीं होना चिंता का विषय है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में पेश किए गए बजट में ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टर जैसे एक्स-रे घटकों पर सीमा शुल्क में छूट दी गई। मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमटीएआई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने आईएएनएस को बताया, "इससे पता चलता है कि सरकार को यह अहसास है कि केवल उन उत्पादों को संरक्षित किया जाना चाहिए, जिन्हें निकट भविष्य में आयात का विकल्प बनाया जा सकता है। किसी भी अन्य संरक्षणवादी बाधा के अनपेक्षित परिणाम सामने आते हैं और हमें उम्मीद है कि जिन उत्पादों को मध्य या अल्प अवधि में आयात किया जा सकता है, उनके सीमा शुल्क भी कम कर दिए जाएंगे। बजट को वास्तविक दुनिया से जोड़कर देखते हुए चौधरी ने कहा कि इसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही चीजों का अच्छे से ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट में कौशल विकास पर जोर देने की भी सराहना की। चौधरी ने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को लाभ होगा।

क्योंकि आज, वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत विदेशी कार्यबल का 24 प्रतिशत हिस्सा भारत से आता है। स्वास्थ्य सेवा में मैनपावर निर्यात का लक्ष्य प्रतिवर्ष 300,000 डॉक्टरों, नर्सों और तकनीशियनों का है। हालांकि पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा कि यह बेहद अप्रत्याशित है कि सरकार की नौ शीर्ष प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य को शामिल नहीं है। मुत्तरेजा ने कहा, "मुझे आश्चर्य और निराशा हुई कि बजट में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण में पर्याप्त निवेश की उपेक्षा की गई। मुत्तरेजा ने कहा, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के सबसे चिंताजनक निष्कर्षों में से एक युवा लोगों के खराब पोषण परिणाम थे। उन्होंने बजट में पिछले वर्ष की तुलना में केवल 1.7 प्रतिशत की वृद्धि के बारे में भी चिंता जताई।

## राशिफल

**मेष :** कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**वृष :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क :** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या :** दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक :** फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर :** कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।

**मीन :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

लड़की - तू जहां जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा
लड़का - मुझे तो पहले ही लगता था कि तू प्रेतात्मा है।

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।
- हाथी ही एक ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पर्वतों का 15,000 मीटर से अधिक ऊँचा होना संभव नहीं है।
- पढ़ना और सपने देखना हमारे दिमाग के अलग - अलग भागों की क्रिया है, इसलिए हम सपने में पढ़ नहीं सकते हैं।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।



# रिकॉर्ड पांचवां ओलंपिक खेलने उतरेंगे शरत कमल



**नई दिल्ली।** अचंत शरत कमल, जो पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारतीय टेबल टेनिस का चेहरा रहे हैं, पेरिस ओलंपिक 2024 में रिकॉर्ड पांचवीं बार ओलंपिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 42 वर्षीय भारतीय दल के पुरुष ध्वजवाहक भी हैं। कई बार के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने भारत को इतिहास रचने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि पुरुष टीम ने इतिहास में पहली बार ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। टेबल टेनिस के दिग्गज, जो अल्टीमेट टेबल टेनिस में चेन्नई लायंस टीम के मुख्य आधार भी रहे हैं, देश के लिए खेलने का सपना देख रहे कई युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों को प्रेरित कर रहे हैं। अल्टीमेट टेबल टेनिस के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, शरत, जिन्होंने 2004 एथेंस खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था, ने अपने शीर्ष पांच ओलंपिक क्षणों के बारे में बात की, क्योंकि वह पेरिस में पदक के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए तैयार हैं।

**टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर के साथ अप्रत्याशित लंच**

पहली बार ओलंपिक में जाना किसी भी एथलीट के लिए एक खास पल होता है। यह माहौल में डूबने, खेल गांव के विशेष माहौल को महसूस करने और विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने के बारे में है। और जाहिर है, शरत का शीर्ष ओलंपिक क्षण वह है जब उन्होंने 2004 में डाइनिंग हॉल में टेनिस के दिग्गज स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के साथ एक टेबल साझा की थी और उनके तथा यूएसए के एंडी रोडिक के बीच सौहार्द देखना सोने पर सुहागा था। एक दिन मैं दोपहर के भोजन के लिए बाहर गया था और जैसे ही मैं इस तरफ से प्रवेश कर रहा था, दूसरी तरफ से एक और व्यक्ति टेनिस बैग और बाल खुले रखे हुए आ रहा था। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने उसे कहीं देखा है। मैं पहचान नहीं सका वह अपने बाल खुले रखे हुए था। हम एक-दूसरे के पास से गुजरते हैं, हम वास्तव में रास्ते से गुजरते हैं। वह सामान रखने की जगह पर अपना बैग देने जाता है, मैं अंदर जाता हूं और देखता हूं कि क्या खाना है और यह अचानक मेरे दिमाग में आ जाता है , यह रोजर फेडरर है। शरत ने याद किया, तब मैं बहुत शमीर्ला था। इसलिए, मैंने खाने के लिए कुछ लिया और उसे खोजा। वह अकेले ही एक टेबल पर बैठा था। मैं जितना संभव हो सके उसके करीब गया। मैं उसकी जगह पर नहीं जाना चाहता था, लेकिन मैं अभी भी करीब था, और मैं (उसी मेज पर) खा रहा था और फिर अचानक, एक आदमी उल्टी टोपी और शॉर्ट्स के साथ आता है और वे ताली बजा रहे थे, मैंने उसे देखा और यह एंडी रोडिक था।

**महान मा लोंग के खिलाफ एक गेम जीतना**

चीन के मा लोंग को सर्वकालिक महान टेबल टेनिस खिलाड़ियों में से एक माना जाता है और वह टोक्यो ओलंपिक में गत चैंपियन के रूप में आ रहे थे। कोविड महामारी के कारण टोक्यो खेलों को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था और भारतीय खिलाड़ियों के लिए लंबे लॉकडाउन और उसके बाद की दूसरी लहर के कारण खेलों के लिए अच्छी तैयारी करना एक वास्तविक संघर्ष था। शरत ने दूसरे राउंड में पुर्तगाल के टियागो अपोलोनिया को हरा दिया था और तीसरे राउंड में उनका सामना मा लोंग से था। मा लोंग के खिलाफ मैच मेरे करियर में अब तक खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक था। मैंने उनके साथ जो पांच बार खेला है, उनमें से मैंने उनके खिलाफ सिर्फ एक गेम जीता था और वह टोक्यो में था। और मुझे इस पर बहुत गर्व है वहां क्या हुआ, खासकर कोविड के बाद। भारत में विशेष रूप से दूसरी लहर के बाद बहुत कठिन स्थिति थी।

दुनिया के बाकी हिस्सों में लोगों ने अपना प्रशिक्षण वापस शुरू कर दिया और, भारत में लॉकडाउन के बीच में, हम अभी भी घरेलू वर्कआउट तक ही सीमित थे, मैं अपनी छत पर खेल रहा था। यह बहुत कठिन था। हमारे पास सीमित संसाधनों के साथ मैं पूरे समय भारत में प्रशिक्षण ले रहा था। उस कठिन मानसिकता से लेकर ओलंपिक तक पहुंचने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तक, मुझे वास्तव में लगता है कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। शरथ ने दूसरा गेम 11-8 से जीता लेकिन मैच में 4-1 (7-11, 11-8, 11-13, 4-11, 4-11) से हार गए। बाद में, मा लोंग ने स्वर्ण पदक जीता।

## विश्व जूनियर स्क्वैश टीम चैंपियनशिप में भारत के लड़के छठे और लड़कियां सातवें स्थान पर रहीं



**ह्यूस्टन।** मंगलवार को यहां समाप्त हुई विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में भारत के लड़के छठे और लड़कियां सातवें स्थान पर रहीं। पांचवें स्थान के लिए हुए मैच में लड़के इंग्लैंड से 1-2 से हार गए, जबकि लड़कियों ने सातवें स्थान के लिए हुए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हरा दिया। दोनों मुकाबले निर्णायक मैच तक चले।

### भारत परिणाम

**लड़के:** भारत इंग्लैंड से 1-2 से हार गया (शौर्य बावा ने यूसुफ शेख को 3-11, 11-6, 11-8, 11-7 से हराया; युवराज वाधवानी बेली मलिक से 11-5, 9-11, 8-11,14-16 से हार गए) ; अयान वाज़िलल्ली डायलन रॉबर्ट्स से 11-6, 9-11, 9-11, 7-11) से हार गए।

**लड़कियां:** भारत ने न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया (शमीना रियाज एला लैश से 7-11, 12-10, 13-11, 4-11, 4-11 से हार गईं; निरुपमा दुबे ने एनाबेल जेम्मेल को 9-11, 11-6, 11-4, 8-11, 11-9 से हराया) ; उन्नति त्रिपाठी ने एला हिल को 11-4, 11-3, 11-6 से हराया )।

# लवलीना-निकहत की तैयारी के लिए कोच धर्मेंद्र ने किया त्याग

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजों को पदक दिलाने के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम के कोच और अपने समय के नामी मुक्केबाज अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र यादव ने अपने बेटे की शादी छोड़ दी। बुलंदशहर के धर्मेंद्र के सामने बीते सप्ताह बड़ा धर्मसंकट खड़ा हो गया कि वह बेटे की शादी में शामिल हों या सारब्रुकेन (जर्मनी) में भारतीय मुक्केबाजी टीम की तैयारियां छोड़ दें। यह उलझन सिर्फ शादी तक सीमित नहीं थी। देश के पहले पेशेवर बॉक्सर धर्मेंद्र की मां की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें आईसीयू में दाखिल कराना पड़ा था। मां के कहने पर ही पोते की शादी



आनन-फानन में करनी पड़ रही थी। ओलंपिक से ठीक पहले धर्मेंद्र का तैयारियां छोड़ना ठीक नहीं था। उनकी पत्नी और बेटे ने कहा वह राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएं, बाकी सब वे संभाल लेंगे।

**वीडियो कॉल के जरिये जयमाल में हुए शामिल**

1990 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतने वाले धर्मेंद्र ने शादी में नहीं आने का फैसला लिया। वह मंगलवार को जर्मनी से टीम के साथ पेरिस के लिए रवाना हो गए। धर्मेंद्र शादी में थे नहीं, लेकिन उनकी पत्नी मीनू ने हर रस्म में वीडियो कॉल के जरिये उनकी मौजूदगी बनाए रखी है। जयमाल हो या आगवानी या फिर तिलक धर्मेंद्र वीडियो कॉल के जरिये मौजूद रहे।

**बीमार मां की इच्छा के लिए करनी पड़ी शादी**

धर्मेंद्र की पत्नी बताती हैं कि यह बेहद कठिन फैसला था, जो हम सबने मिलकर लिया। हम सब को लगा ओलंपिक से बड़ा कुछ नहीं है। उनकी वजह से टीम की तैयारियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। दरअसल मां की तबियत खराब नहीं होती तो बेटे की शादी अचानक नहीं करनी पड़ती। मां की इच्छा के लिए यह करना पड़ा। अब वह धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं। जब वह पेरिस से लौटेंगे तो बेटे की शादी का एक समारोह आयोजित करेंगे। ओलंपिक में लवलीना, निकहत, प्रीति, जैस्मिन, अमित पंघाल, निशांत देव खेलने जा रहे हैं।

## जोफ्रा आर्चर की नजरें 2025-26 एशेज में वापसी पर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की नजरें ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज सीरीज पर हैं क्योंकि उनका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना है। पिछले तीन वर्षों में लगातार पीठ और कोहनी की चोटों के कारण, 29 वर्षीय खिलाड़ी फरवरी 2021 से लंबे प्रारूप से अनुपस्थित हैं। हालाँकि, इंग्लैंड के हालिया टी20 विश्व कप अभियान में उनकी पूर्ण भागीदारी ने उम्मीद जगाई थी कि उनकी चोट की समस्या आखिरकार पीछे छूट सकती है। आर्चर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, मैं इस साल के बाकी समय का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करने जा रहा हूं कि अगली एशेज में खेलना कम से कम एक संभावना है। मैं इंस्टाग्राम पर जाकर और 'वह अगले दो हफ्तों में फिजियो के बिस्तर पर होगा' जैसी पोस्ट देखकर थक गया हूं।



## ओलंपिक टीम में चुने जाने पर खुशी से भावुक हो गए थे हॉकी मिडफील्डर राज कुमार

**नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राज कुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूनामेंट के लिए चुना गया था। हॉकी को अपनाने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे, राजकुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी में कदम रखने का सफर अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। उनके बड़े भाई, जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वे गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई और खेल नहीं था। राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने तीनों पाल भाइयों में रुचि दिखाई। 2012 में, वे साई लखनऊ छात्रावास में शामिल हो गए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए, जो जोखन के बैचमेट थे। उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें अपना पहला इंडिया कैंप कॉल-अप मिला। ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, राज कुमार ने कहा, ललित भाई ने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, उन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें दोबारा नहीं करना चाहिए। उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। ज्यादातर समय, मैच खेलने के बाद, मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां की और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे समझाते थे। हाई-परफॉरमेंस डायरेक्टर डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया। अब, राजकुमार का ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है और वह एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके राज कुमार पाल ने कहा, मेरा पूरा ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है। मुझे पता है कि यहां क्या दांव पर लगा है और किसी भी तरह की गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं और एक बार में एक मैच पर ध्यान देने की योजना बना रहा हूं। ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपना रहा है। मैं इस अवसर का लंबे समय से इंतजार कर रहा था और अब जब मैं यहां हूं, तो यह अवास्तविक लगता है। जब मुझे ओलंपिक-बाउंड टीम में मेरे चयन की खबर मिली, तो मैं उन सभी परिस्थितियों को याद करके रो पड़ा, जिनसे मैं गुजरा हूं और मुझे अपने पिता की याद आई। जब मैंने घर पर फोन किया, तो मुझे याद आया कि मेरी मां रो रही थीं, लेकिन वे खुशी के आंसू थे। मेरे परिवार ने बहुत त्याग किया है और अब समय आ गया है कि मैं स्वर्ण पदक जीतकर उनका और देश का मान बढ़ाऊं। भारतीय हॉकी टीम अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरूआत 27 जुलाई को करेगी , जब वह अपने पहले पूल बी मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।

## कई सितारों का दावा बेहद मजबूत

# पेरिस में दम दिखाने के लिए तैयार हैं दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दुनिया भर के दिग्गज एथलीटों का मेला लगेगा। कई खिलाड़ियों की तो उपलब्धियां और रुतबा इतना बड़ा है कि उनका भाग लेना ही पदक की गारंटी माना जा रहा है। भारत के अलावा अन्य देशों के खिलाड़ियों की बात करें तो इनमें स्वीडन के बांसकूद खिलाड़ी आर्मंड मोंडो डुप्लेंटिस से लेकर अमेरिकी जिमनास्ट सिमोन बाइल्स शामिल हैं। मैराथन धावक केन्या के किपचोगे हैं तो अमेरिकी तैराक कैटी लेडेकी भी हैं। कई दिग्गज एथलीटों का यह अंतिम ओलंपिक माना जा रहा है इनमें बास्केटबाल स्टार अमेरिका के लेब्रोन जेम्स, जमैका की धाविका शैली एन फ्रेजर प्राइज और टेनिस स्टार राफेल नडाल शामिल हैं। ऐसे में युवाओं के साथ उनकी अच्छी होड़ देखने को मिल सकती है। पेरिस में 206 देशों के 10500 से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, पदकों के लिए कड़ी होड़ होंगी लेकिन कुछ खास सितारों का दावा बेहद मजबूत माना जा रहा है।



**प्राइज की शैली जुदा**

जमैका की तीन बार की ओलंपिक चैंपियन और आठ बार की पदक विजेता शैली एन फ्रेसर प्राइज को 37 साल की होने के बावजूद कम करके नहीं आंका जा सकता। उनके पेरिस में 100 मीटर में हिस्सा लेने की संभावना है। 200 मीटर में उनका भाग लेना निश्चित नहीं है। यह उनका अंतिम ओलंपिक माना जा रहा है और वह कोई कोर-कसर नहीं रखेंगी। बीजिंग से शुरू हुई उनकी ओलंपिक यात्रा में उन्होंने अब तक तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

**शकारी को पहले ओलंपिक पदक की तलाश**

अमेरिका की 100 और 200 मीटर रेस की 24 साल की धाविका शकारी रिचड्र्सन पिछली बार टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने में सफल रही थीं, लेकिन डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण उन्हें टीम से हटा दिया गया था। पिछले साल बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वालीं एथलीट पेरिस में पदक जीतना चाहेंगी। बुडापेस्ट में उन्होंने फरार्टा रेस के अलावा चार गुणा 100 मीटर रिले में भी स्वर्ण जीता था।

**तैराकी में लेडेकी की निगाह 11वें ओलंपिक पदक पर**

अमेरिका की 27 साल की तैराक कैटी लेडेकी का यह चौथा ओलंपिक होगा। वह लंदन 2012, रियो डि जेनेरियो 2016 और टोक्यो ओलंपिक 2020 के तीन ओलंपिक में 10 पदक जीत चुकी हैं जिसमें सात स्वर्ण और तीन रजत पदक हैं।

उन्होंने फ्री स्टाइल की 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में क्वालिफाई कर लिया है। उनके पेरिस में अपने ओलंपिक पदकों की फेहरिस्त में और इजाफा करने की पूरी उम्मीद है।

**अमेरिकी जिम्नास्ट बाइल्स में बड़ा बल**

अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अमेरिका की 27 साल की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने टोक्यो में सिर्फ बैलेंस बीम स्पर्धा में भाग लिया था जहां उन्हें केवल कांस्य से संतोष करना पड़ा था।

उन्होंने टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाने में भूमिका निभाई थी। रियो में उन्होंने चार स्वर्ण सहित पांच पदकों पर कब्जा किया था। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक के साथ उन्होंने संकेत दिया है कि पेरिस में फिर वह रियो ओलंपिक वाला कमाल दिखा सकती हैं।

## क्वालीफिकेशन दौर से अपने अभियान की शुरूआत करेंगे भारतीय तीरंदाज

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक की आधिकारिक तौर पर शुरूआत 26 जुलाई से होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय तीरंदाज अपने अभियान का आरंभ करेंगे। तीरंदाजी वो स्पर्धा है जिसमें भारत अब तक कोई ओलंपिक पदक हासिल नहीं कर सका है और अब भारतीय तीरंदाज लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुआई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालीफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जब भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पधाओं में भाग लेंगे।

**क्वालीफिकेशन से तय होगी वरीयता**

प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालीफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी। भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है।

**टोक्यो में पुरुष तीरंदाजों का निराशाजनक रहा था प्रदर्शन**

टोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

# जयसूर्या की श्रीलंकाई टीम से अनुशासन में रहने की खास अपील

**कोलंबो।** भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम के अंतरिम कोच सनत जयसूर्या एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने श्रीलंकाई टीम के भीतर अनुशासन की मांग की है, जिसमें प्रॉपर हेयर कट समेत अन्य चीजें शामिल हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए, पूर्व कप्तान जयसूर्या ने स्वीकार किया कि मौजूदा खिलाड़ियों में अनुशासन लाना महत्वपूर्ण है, खासकर क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करना अहम है।



भारत के खिलाफ सीरीज और सितंबर में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के लिए अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किए गए जयसूर्या ने कहा, हम टीम में अनुशासन की उम्मीद कर रहे हैं और मैं अपने कार्यकाल के दौरान केवल अंतरिम कोच हूं। मैं वह अनुशासन चाहता हूं। उन्होंने कहा, हमारे क्रिकेट फैंस इन क्रिकेटरों को पसंद करते हैं। युवा क्रिकेटर वरिष्ठ क्रिकेटरों को अपना आदर्श मानते हैं। वे उनसे सीखना पसंद करते हैं। अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे युवा पीढ़ी के क्रिकेटरों को भी मदद मिलेगी। इसी पृष्ठभूमि में हमने ये बदलाव किए हैं।

हम क्रिकेट को जेंटलमैन गेम बनाए रखना चाहते हैं। युवा क्रिकेटरों को अनुशासित करने के जयसूर्या के प्रयास का समर्थन करते हुए देश के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने पहले देश का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रिकेटरों में विनम्रता और अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया और तर्क दिया कि विनम्र व्यवहार से मैच हारने के बाद क्रिकेटरों की अधिकांश आलोचना कम हो सकती है। खेल मंत्री ने कहा, अगर टीम अधिक विनम्र होती और उनका रवैया बदल जाता, तो श्रीलंका के लोग मैच हारने पर इतने आलोचनात्मक नहीं होते। लोगों में क्रिकेट के प्रति गहरा प्रेम है। तीन टी20 मैच 27, 28 और 30 जुलाई को पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद तीन वनडे मैच होंगे, जिनकी शुरूआत 2 अगस्त से कोलंबो में होगी।

# पेरिस में अनुभवी ही नहीं भारत के युवा ओलंपियन भी हैं मेडल के दावेदार

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के करीब आने के साथ ही भारत में मेडल के दावेदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। नीरज चोपड़ा, सात्विक-चिराग, मीराबाई चानू और निखत जरीन जैसे नाम तो आपने कई बार सुने होंगे, जो पहले से ही बड़ी ताकत के रूप में स्थापित हैं और अपने-अपने खेल में मेडल के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन इस दल में ऐसे एथलीट भी हैं जो भारतीय खेल इतिहास में भविष्य की बड़ी ताकत हैं। पेरिस में भारत के युवा ओलंपियन डेब्यू के लिए तैयार हैं। इस बार ओलंपिक में भारत की ओर से कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो प्रभावशाली प्रदर्शन करके बड़े नामों से ज्यादा सुर्खियां बटोर सकते हैं। 117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं जबकि 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं। चलिए एक नजर कुछ उन युवा ओलंपियन पर डालते हैं, जो पहली बार खेल के इस महाकुंभ में भाग ले रहे हैं लेकिन दिग्गजों को पछाड़ने का माद्दा रखते हैं। धिनिधि देसिंघु (तैराकी): 14 वर्षीय तैराक



धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की सबसे युवा एथलीट के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीते हैं।

इस साल अच्छे प्रदर्शन के बाद वह शीर्ष रैंक वाली भारतीय महिला तैराक भी हैं। वह ओलंपिक में 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भाग लेंगी। श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस): टेबल टेनिस को फॉलो करने वाले लोगों के लिए यह एक जाना-पहचाना नाम है। अकुला पेरिस से टीटी में पहला ओलंपिक पदक लाने की शीर्ष संभावनाओं में से एक हैं। भारत की नंबर 1 रैंक वाली पैडलर के लिए ओलंपिक से पहले 8 महीने काफी शानदार रहे हैं। वह फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 टूनार्मेंट में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीटी टूनार्मेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, फिर एक शीर्ष चीनी खिलाड़ी को हराया और एक और डब्ल्यूटीटी खिताब अपने नाम किया। वह शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं। अंतिम पंघाल (रेसलिंग): अपने नाम पर पहले से ही ढेरों पुरस्कार जीत चुकी अंतिम पंघाल इस लिस्ट में सबसे चर्चित एथलीट हैं। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन पहलवान और एशियाई खेलों, एशियाई चैंपियनशिप और सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की पदक विजेता पंघाल को देखकर ऐसा लगता है कि वह दशकों से अपने हुनर में माहिर हैं।

## भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार हैं 'लेडी सहवाग' के नाम से मशहूर शेफाली वर्मा

**नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2024 में सात बार की चैंपियन भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का। उन्होंने नेपाल के खिलाफ 48 गेंद में 81 रन की आतिशी पारी के दौरान एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। हरियाणा के रोहतक से आने वाली शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी क्षमता अद्भुत है। महिला क्रिकेट में उनका बेखौफ अंदाज देखकर उनकी तुलना पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग से भी की जाती है। वीरेंद्र सहवाग और शेफाली वर्मा दोनों हरियाणा से हैं। दोनों ही खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। साथ ही जिस तरह से कदमों का इस्तेमाल शेफाली करती हैं, वो सहवाग जैसा ही है। महिला एशिया कप 2024 में भी उनका बेखौफ अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है। नेपाल के खिलाफ तूफानी पारी के बाद टूनार्मेंट में उनका नाम शीर्ष स्कोरर की लिस्ट में टॉप पर है। टीम इंडिया ने मंगलवार को नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। भारत ने टूनार्मेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मैच की हीरो पूरी तरह से शेफाली रही हैं, उन्होंने 48 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 81 रनों की पारी खेली है। यह एक ऐसी पारी थी जिसने नेपाल की गेंदबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया। शेफाली का साथ हेमलता ने दिया जिन्होंने 42 गेंद में 47 रनों की पारी खेली थी। प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली ने इस मैच में वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली वर्मा का टी20 इंटरनेशनल में यह 10वां अर्धशतक है। शेफाली ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। 20 साल की शेफाली महिला टी20 इंटरनेशनल में 20 या उससे कम की की उम्र में 10 या उससे ज्यादा पचास प्लस का स्कोर बनाने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। ऐसा कर शेफाली ने महिला टी 20 इंटरनेशनल में विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। भारत ने शेफाली वर्मा और देयालन हेमलता की शतकीय साझेदारी के सहारे 20 ओवर में 3 विकेट पर 178 रन का स्कोर बनाया।

# कांवड़ियों का उमड़ा सैलाब और बेलगाम वाहन दे रहे हादसे को दावत

## गंगनहर पटरी पर नहीं रुक रहा वाहनों का आवागमन



### कांवड़ियों पर की गई पुष्प वर्षा

गंगनहर पटरी पर कांवड़ सेवा शिविर के सामने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। शिविर में उनके आराम करने की व्यवस्था की गई है। एक अनुमान के तहत गंगनहर पटरी पर दो अगस्त से तीस लाख से अधिक कांवड़िए गुजरने का अनुमान है। गंगनहर पटरी पर कांविड़यों का सैलाब उमड़ रहा है। रोजाना हजारों कांवड़ियां इस मार्ग से गुजरता है। गंगनहर पटरी पर बेरिकेडिंग लगा रखी है और पुलिसकर्मी तैनात हैं, लेकिन मुरादनगर से वाहन बेरोकटोक गुजर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहनों के बेलगाम आवागमन से बड़ा हादसा हो सकता है।

**मुरादनगर करंट क्राइम।** सावन माह में शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आ रहे हैं, कांवड़ियों का गंगनहर पटरी पर आवागमन शुरू हो गया है। हजारों से अधिक कांवड़िए गंगनहर पटरी से होते हुए पाइपलाइन मार्ग पर पहुंचे। कांवड़ियों का सैलाब आने के बाद भी पुलिसकर्मी पटरी पर वाहनों का आवागमन नहीं रोक पा रहे हैं। पुलिस के सामने ही वाहन बेरोकटोक निकल रहे हैं।

हरिद्वार से पवित्र जल लेकर कांवड़ियां गंगनहर पटरी से होते हुए राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली की ओ जा रहे हैं। कांवड़ियां गंगनहर पटरी से होते हुए पाइपलाइन और लोनी से होकर दिल्ली में प्रवेश कर जाते हैं। बुधवार को सुबह से शाम तक दो हजार से अधिक शिवभक्त कांवड़ियां गंगनहर पटरी से गुजरे।

# दो शातिर लुटेरों को लगी गोली



**हापुड।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रोड पर देर रात पुलिस और जिले की एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की संयुक्त टीम की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दो शातिर लुटेरे घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे, दो कारतूस, लूट के मोबाइल फोन और कुंडल सहित बाइक बरामद की है। घायल बदमाशों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी आशुतोष शिवम् ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात एसओजी टीम और नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बाइक सवार शातिर लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में रामपुर रोड की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर टीम ने रामपुर रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को बाइक सवार संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने फरार होने का प्रयास किया। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली पैर में लगने से दो बदमाश घायल हो गए।

**कब्जे से लूट का माल बरामद**

पुलिस ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान थाना बहादुरगढ़ के गांव मोहम्मदपुर रूस्तमपुर निवासी अरबाज और जिला बुलंदशहर के काकौड निवासी शारिक के रूप में हुई है। इन बदमाशों पर विभिन्न जिलों के थानों में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।




### तुम्हारे सिस्टम में हैं खोट वर्ना इस वाले वोट के बदले मिलते हैं नोट

पब्लिक ने तो बाबा के नाम पर,प्रधान फकीर के नाम पर 100 में से 67 फूल मेंबर जनादेश देकर सदन में भेजे और 8 ऐसे भी थे जो लड़े तो थे बागी होकर लेकिन बाद में दिल नही माना तो दल में बैक टू हो गये। कुल मिलाकर 100 में से 75 मेंबर फूल के और उसके बाद भी कार्यकारिणी चुनाव के वक्त मेंबरों के लहजे सख्त हो गये और वो अड़ गये कि हम तो लड़ेगें चुनाव। मुखिया ने सुबह से शाम कर ली और बाद में चुनाव से ही राम राम कर ली कि अब बाद में देखेगें। जो कार्यकारिणी में जाने के ख्वाब पाल कर माला भी मंगा कर बैठ गये थे अब वो भी घर बैठ गये हैं और कहानी में नया तड़का पुराने एक्स मेंबर ने लगा दिया है। उसने कार्यकारिणी वाले एक चेहरे को फोन किया और पूछा कि क्या सिस्टम मनी में कोई फाल्ट आ गया था जो चुनाव में ही हाल्ट आ गया। नये वाले ने पुराने वाले से सिस्टम मनी का पूछा तो उसने बता दिया कि एक साल में इतना भी ज्ञान नही हुया तुम्हें। जिसे बनना होता वो बनाने वालों को सेट करता हैं। इस सेट होने का एक रेट फिक्स हो जाता हैं। ना यकीन हो तो वोट फॉर नोट वाले जाकिर बता देगें, कविनगर वाले मित्तल जी बता देंगें कि उनसे किसने सिस्टम मनी का तकाजा किया था। पुराने वाले ने नये वाले को समझा दिया कि तुम्हारे सिस्टम में ही खोट हैं बेटा वर्ना इस वाले वोट के तो नोट भी एडवांस में आ जाते है। खोट ये लग रहा है कि तुम्हारे हिस्से के नोट भी कोई और ही चुग रहा था,एक बार जरा पता तो करना।

### एज हो रही है वीआरएस लेने की मगर तमन्ना हैं विधायक बनने की

पालिटिक्स में हसरतें भला कहीं मरती हैं और मरते दम तक ये उम्मीद रहती है कि पार्टी क्या पता उम्मीदवार ही बना दे। टिकट विधानसभा का है और गदर लोकसभा में मच गया है। कनौजा गांव से कोई टिकट मांग रहा है तो पॉश कालोनी वालों के अरमान भी चुनाव लड़ने के हैं। कमाल तो ये हो रहा कि ओल्ड गुलदस्ते भी मैदान में आ गये हैं और अपनी उम्र भर की खिदमत के बदले शहर सीट से उपचुनाव वाला टिकट चाहते हैं। टिकट मांग रही दिल्ली वाली दीदी के सपोर्टर ने कहा कि हमें तो इन मुरझाये हुये फूलों को देखकर अजीब सी इरिटेशन होती हैं। अब देख लो आप खुद ही एज तो इनकी वीआरएस लेने की हो रही हैं और तमन्ना पाले बैठें हैं ये शहर विधायक बनने की।

### मंत्री के साथ बैठक मथंन कर लो चिंतन कर लो मगर सुनेगा संतरी भी नही

फूल वालों के प्रभारी मंत्री आये और देवतुल्यों के साथ एलालेसिस किया और हर प्वाइंट पर डिस्कस किया। देवतुल्यों ने वहीं पुराना राग अलापा कि साहब कोई नही सुनता और अब सहा नही जाता। साहब के कथन कि लेटस सी व्हाट कैन वी डू के साथ कथा ऑफ देवतुल्य व्यथा समाप्त हुई। इस सीन पर चुटकी कई सरकारें देख चुके भाजपाई ने ली। उन्होने कहा कि पूछा भी तो किसने और सुनाया भी तो किसने। वो खुद साहब रहे हैं और उनके पापा तो सूबे के पुलिस मुखिया रहे हैं। लास्ट निचोड़ भी फूल वाले ने ही सुनाया और उसने कहा कि यहां वाले कितनी ही मंत्री के साथ बैठक कर लें वो कितना ही मथंन कर लो कितना ही चिंतन कर लो मगर सुनेगा इनकी संतरी भी नही।

# हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल, तीन युवाओं ने डूबते युवक की बचाई जान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में एक तरफ योगी सरकार द्वारा व्यापारियों के ठेलों पर नाम लिखने की बात से समाज में हिंदू-मुस्लिम भेदभाव की चर्चा हो रही थी, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे रोकने का आदेश दिया। इसी बीच, गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में इंसानियत और भाईचारे की एक मिसाल पेश करने वाली घटना सामने आई है। मसूरी की गंग नहर में अमित नामक व्यक्ति, जो थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक का निवासी है, कर्ज के बोझ तले दबे होने के कारण मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर नहर में कूद गया।



### बाबू, सलीम, और मोबीन की इस मानवीय कार्रवाई के लिए हो रही सराहना

**करंट क्राइम।** मसूरी क्षेत्र के ग्राम नाहल के तीन युवाओं—बाबू, मोबीन, और सलीम—जो गाजियाबाद में प्लंबर का काम करने जा रहे थे, ने देखा कि एक व्यक्ति नहर में डूब रहा है। बिना समय गंवाए, इन तीनों ने नहर में छलांग लगाई और अमित को बचाकर डासना सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी के डॉक्टरों ने बताया कि यह एक पुलिस केस है, जिसके बाद अमित को थाना मसूरी ले जाया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अमित को पुनः डासना सीएचसी अस्पताल भेजा, जहां उसकी जान बचा ली गई। बाबू, सलीम, और मोबीन की इस साहसिक और मानवीय कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उनकी इस बहादुरी ने न सिर्फ एक व्यक्ति की जान बचाई बल्कि इंसानियत और सहयोग की भावना को भी मजबूती प्रदान की।

# 29 जुलाई को जंतर मंतर पर कांग्रेस महिला विंग करेंगी प्रदर्शन

## आधी आबादी को पूरा हक नहीं मिलने से चल रही हैं नाराज

- महिला आरक्षण को लेकर दिल्ली में है राष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी 29 जुलाई को महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की महानगर अध्यक्ष सोनल नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगी। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस महिला विंग की नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण को लेकर 10 साल की जो देरी की जा रही है ठीक नहीं है। वहीं महिला आज सुरक्षित नहीं हैं, आधी आबादी कब तक अपने अधिकारों से वंचित रहेगी। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद महानगर महिला कांग्रेस कमेटी सोनल नागर ने जानकारी दी है कि 29 जुलाई को जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध और उनको समाज में ठीक दर्जा न मिलने को लेकर प्रदर्शन होगा। केंद्र सरकार को ज्ञापन पहुंचाया जाएगा। सोनल नागर ने कहा है कि इस जंतर मंतर पर होने वाले प्रदर्शन के दौरान गाजियाबाद से भी 500 से अधिक महिला कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारी दिल्ली जाएंगी। साथ ही वह केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगी। केंद्र की सरकार महिलाओं को आरक्षण की घोषणा करती है लेकिन उनको वह सहूलियत नहीं दी जा रही है जो मिलनी चाहिए। पत्रकारों से वार्ता के दौरान सोनल नागर के साथ मायादेवी, कशिश, कामाक्षी और परवीन व अन्य कांग्रेसी महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# जिला सहकारी बैंक कर्मियों का धरना 25 जुलाई को

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश के जिला सहकारी बैंक कर्मी आज आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता उ०प्र० के कार्यालय परिसर में कोआपरेटिव बैंक्स स्टाफ एसोसिएशन, उ०प्र० के तत्वाधान में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक एक दिवसीय प्रान्तीय धरना देंगे। संगठन के महामंत्री एवं ऑल इण्डिया कोआपरेटिव बैंक इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि प्रदेश के पूर्वांचल में स्थित 16 जिला सहकारी बैंक कर्मियों का वेतन पुनरीक्षण 26 वर्षों से अवरुद्ध है जबकि निबन्धक कार्यालय से वर्ष 1996 के बाद प्रत्येक 5 वर्ष के अन्तराल पर करते हुए अंतिम वेतन पुनरीक्षण परिपत्र वर्ष 2022 में निर्गत किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि इन परिपत्रों में अनावश्यक, अवैधानिक और दुर्भावनापूर्ण शर्तों के कारण कूट रचित बाधायें उत्पन्न हुई हैं। महामंत्री ने बताया कि प्रदेश के जिला बैंकों में वर्ष 2012 से नई नियुक्तियाँ नहीं की गयी हैं जिसके कारण कई बैंकों की शाखायें प्रतिदिन नहीं खुल पाती हैं। मानव संसाधन की अत्यधिक कमी के बावजूद प्रारम्भिक सहकारी कृषि ऋण समितियों के कार्य, बिजली बिल जमा कराने का कार्य, मोबाइल वैन चलाने आदि अनुत्पादक कार्य लिया जाता है जोकि बैंकिंग कार्य के अतिरिक्त है। कर्मचारियों द्वारा पेंशन योजना लागू करने का संघर्ष भी निरन्तर जारी है।

# 25 वां कारगिल विजय दिवस पूर्ण होने पर निकल जाएगी मसाल जुलूस यात्रा

**लोनी करंट क्राइम।** गुरुवार को शाम 7 :00 बजे कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर लोनी तिराहे से लेकर पावी पुस्ता चौकी करवां बैंकेट हाल तक मसाल जुलूस यात्रा निकाली जाएगी स्थानीय विधायक नंदपुर गुर्जर ने बताया कि सभी सभी लोनी वासी इस मसाल जलूस में यात्रा में शामिल हो ताकि हमारे शहीद जवानों को सम्मान मिले। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। यह विजय दिवस हर भारतीय का गर्व है इस विजय दिवस में ज़िला गाज़ियाबाद में निवास करने वाले राष्ट्र, प्रदेश, ज़िला मंडल भारतीय जनता पार्टी और प्रत्येक मोर्चो के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अति अनिवार्य हो इस संकल्प को लेकर गुरुवार 7 :00 बजे शाम को यात्रा में शामिल हों।




### कौन प्रभारी है जो जाति पर करता है ज्यादा फोकस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो एक से एक स्टाइल बाज थ्री और टू-स्टार जमे हुए हैं लेकिन कुछ का स्वैग अलग अंदाज वाला बताया जाता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बताते हैं कि वर्तमान में सिटी जोन में एक थाने पर ऐसे प्रभारी हैं जो अपने थाने के स्टाफ की जाती देखने के बाद आगे का काम और आदेश देते हैं। सूत्र ने बताया है कि जिस थाने का यह मामला है, वहां की चर्चा बीते दिनों एक भगवा नेता के हिरासत में ले जाने के बाद आई थी। कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि वर्तमान वाले प्रभारी अपने स्टाफ को जब कोई काम बताते हैं या कोई आदेश देना होता है या उनका मूड गुस्से वाला होता है तो वह पहले थाने का रजिस्टर देखते हैं। इसमें कर्मचारियों की जाति पर रिसर्च करते हैं और फिर अटेंशन वाले मूड में आकर दूसरे को टेंशन देने का काम करवाते हैं। सुनने में आया है कि वैसे उनको चार्ज का लंबा अनुभव नहीं है, पर वह जिस पूर्व कार्यालय से जुड़े हुए थे वह बेहद खास माना जाता है। भले उनका हुलिया दमदार और ताकतवर हो लेकिन स्टाफ से काम कराने में उनके हाथ पैर कांप रहे हैं। सुनने में आया है कि जब से नए वाले आए हैं,उनके इलाके में देर रात वाला कार्यक्रम तय समय के बाद भी चलता है। जिस रोड को सबसे ज्यादा टेंशन वाला माना जाता था वहां पर भी उनके नहीं बल्कि उनके सर्किल वाले साहब की वजह से स्थिति कंट्रोल बताई जाती है। सूत्र बता रहे हैं कि उन्होंने आने के बाद एक-दो चौकी प्रभारी को गियर में लेने का प्रयास किया, पर काम तो स्टाफ से ही लेना है और यह बात वह समय रहते समझ गए, इसीलिए उन्होंने अपना गियर मोड चेंज कर लिया। सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान वाली जो स्थिति चल रही है, उसको लेकर अभी कहना कुछ संभव नहीं है। पर कमिश्नरेट सिस्टम के लिए कहा जाता है कि जो अपने आपको बहुत खास मानता है, वह अल्प समय में भी आउट हो जाता है। नदियापार का एक थाना इसका सबसे बड़ी मिसाल रहा। कुल मिलाकर पुलिस विभाग में जाति को लेकर हमेशा से कंट्रोवर्सी वाला माहौल रहता है। कभी पक्ष-विपक्ष वाले आरोप लगाते हैं, तो कभी अपने ही सहकर्मी पोल खोल देते है। कुल मिलाकर सिटी के जिस थाने का यह मामला है, उनको थोड़ा अलर्ट मोड पर रहना चाहिए। कांवड़ शिविर भी उन्हीं के थाना क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से ज्यादा हैं। ऐसा ना हो, बेस्ट के चक्कर में कुछ रेस्ट वाला मामला हो जाए।




# युद्ध स्तर पर की जा रही है ओबीसी मोर्चा भाजपा प्रदेश कार्य समिति बैठक की तैयारी, हजारों की जुटेगी भीड़



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी आगामी उपचुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की 29 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्य समिति बैठक के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। लखनऊ के विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित होने वाली इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोंनो उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्री व वरिष्ठ पदाधिकारी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। 29 जुलाई की बैठक को सफल और विशाल बनाने के लिए बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप प्रदेश के महामंत्री रामचंद्र प्रधान एमएलसी एवं विनोद यादव संयोजक ने कार्यकताओं के साथ बैठक की ।बैठक में रणनीति बनाई गई है कि किस प्रकार से इस आयोजन को सफल बनाना है ताकि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में विजय हासिल कर सके। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने भवन की तैयारी का भी जायजा लिया और अन्य जिम्मेदारी तय की गई।

### प्रदेश स्तर की आयोजित होनी है बैठक : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप इस बैठक की तैयारी में जुटे हुए हैं। बुधवार को एक बैठक की गई, जिसमें जिला लखनऊ के महानगर के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए। प्रदेश की ओर से ऋषि चौरसिया, विजय गुप्ता, संजय मौर्य, प्रवीण कुशवाहा, नीरज गुप्ता , सौरभ जयसवाल, विशाल जायसवाल आरडी विश्वकर्मा ,विनय राय, अनिल वर्मा व फरीद अंसारी ने भी इस बैठक में उपस्थिति दर्ज करवाने के अपना योगदान दिया।

### कार्यक्रम के लिए चल रही है कई प्रकार की तैयारियां

**करंट क्राइम।** 29 जुलाई को लखनऊ के विश्वेश्वरैया हाल में होने वाली भारतीय जनता पार्टी ओबीसी प्रदेश कार्य समिति की बैठक को सफल बनाने के लिए बुधवार को जहां हाल की सारी व्यवस्था पर चर्चा की गई। तो वही होल्डिंग के साथ ही भोजन और अन्य जिम्मेदारियों के लिए पदाधिकारियों के नाम तय करने के साथ उनको दायित्व भी सौपा गया है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का कहना है कि यह बैठक सफल और विशाल रहेगी।

# नाबालिग बेटे को कार सिखाने के दौरान कई वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप



**हापुड।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास अलखनंदा अपार्टमेंट में रहने वाली सहायक आयुक्त औषधि उर्मिला अग्रवाल और उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि दंपती अपने नाबालिग बेटे को रात के समय कार चलाना सिखा रहे थे, इस दौरान उन्होंने टक्कर मारकर कई कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं सहायक आयुक्त ने आरोपों को निराधार बताया है। दरअसल, नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे के अनुसार अलखनंदा अपार्टमेंट निवासी सुशील सिंघल ने बताया कि उनकी सोसायटी में 23 जून 2024 की रात करीब 10 बजे हापुड़ में सहायक आयुक्त औषधि उर्मिला अग्रवाल अपने पति जितेंद्र अग्रवाल के साथ अपने 10 वर्षीय बेटे को सोसायटी कैंपस में ही कार चलाना सिखा रही थीं। इसी दौरान अचानक गाड़ी बैक गियर में डालकर तेज गति से चला दी गई। जिससे कैंपस में घूम रही महिलाएं और बच्चों का जीवन संकट में आ गया और वे बाल-बाल बचे। आरोप है कि बेकाबू कार ने कैंपस में खड़ी कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि पीड़ित की नई कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सहायक आयुक्त के प्रभाव और डर के कारण कोई भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तैयार नहीं हुआ।

# कांवड़ मार्ग पर शिव भक्तों की सुविधा का रखा जाए विशेष ध्यान







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्रावण शिवरात्रि का पर्व 2 अगस्त को मनाये जाने को दृष्टिगत रखते हुए उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि हरिद्वार सड़क मार्ग से आने वाले कांवड़िए गाजियाबाद से होकर विभिन्न स्थानों के लिए प्रस्थान करते हैं। इस कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित की जा रही योजनाओं में आने वाले कांवड़ मार्गों को ठीक कराने व झाड़ियों की साफ-सफाई एवं सड़क किनारे लगे पेड़ों की डालियां जो रास्ते में अवरोध उत्पन्न कर रही हैं उनकी कटाई-छंटाई एवं विद्युत पोल्स को नियमानुसार लेमिनेट कराते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं। इसके साथ ही मेरठ रोड स्थित मनन धाम मंदिर से मधुबन बापूधाम योजना में स्थित गोल चक्कर तक समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। उक्त निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा कांवड़ मार्गों पर आने वाले विद्युत पोल्स पर लेमिनेशन के साथ-साथ अन्य कार्यों को पूर्ण करते हुए मार्ग की साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जा रही है। यह भी निर्देशित किया गया कि कांवड़ियों को असुविधा न हो, कांवड़ मार्गों पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रमण कर समस्त व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाये रखने के साथ किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधान कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# नमो रैपिड ट्रेन का केविल चोरी कर ले गए बदमाश

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास बदमाश रैपिड एक्स ट्रेन का 1285 कापर केविल काटकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार बदमाश 21 जुलाई की रात को बदमाश पिलर नम्बर 945 से 951 तक 3.3 केवी कापर बिजली का केविल 1285 मीटर काट लिया। बदमाश 1149 मीटर केविल चोरी करके ले गए ,जबकि 136 मीटर केविल क्षतिग्रस्त कर गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# उबल रही दुनिया : 84 साल में सबसे गर्म रहा 21 जुलाई का दिन



पेरिस। जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। इस बीच वैश्विक स्तर पर तापमान के परिवर्तन पर नजर रखने वाली एजेंसी ने झुलसा देने वाली गर्मी को लेकर आंकड़े जारी किए। पिछले हफ्ते अमेरिका समेत यूरोपीय देशों में लू और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था। ताजा आंकड़ों के अनुसार 21 जुलाई सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया के इतिहास का अब तक का सबसे गर्म दिन बन गया है। इस दिन औसत तापमान पिछले 84 वर्षों के तुलना में अधिक दर्ज किया गया।

लंदन स्थित यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, पहली बार वैश्विक औसत सतही वायु तापमान 17.09 डिग्री सेल्सियस (62.76 डिग्री फारेनहाइट) दर्ज किया गया है। जिसने पिछले साल जुलाई के तापमान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले साल 17.08 डिग्री सेल्सियस (62.74 फारेनहाइट) तापमान दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले सप्ताह संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और रूस के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया। कॉपरनिकस का कहना है कि 21 जुलाई को इस बार दैनिक औसत तापमान का पुराना रिकॉर्ड टूट गया।

**पिछले साल जुलाई के तापमान का रिकॉर्ड तोड़ा**



**जीवाश्म ईंधन के कारण जलवायु परिवर्तन**

रूस के उन इलाकों में भी लोगों के पसीने निकल रहे थे, जहां ठंड होती है। कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, रविवार को गर्मी ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 1940 के बाद सबसे गर्म दिन 21 जुलाई था, जो पिछले साल की छह जुलाई के 17.08 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड को पार कर गया।

पिछले साल की बात करें तो तीन से लेकर छह जुलाई तक रोजाना गर्मी के रिकॉर्ड टूटे थे। वैज्ञानिकों ने बताया था कि जीवाश्म ईंधन के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है।

निदेशक कार्लो बुओंटेम्पो ने कहा कि पिछले 13 महीनों में तापमान और पिछले रिकॉर्ड के बीच का अंतर चौंका देने वाला है। जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती जा रही है, हम आने वाले महीनों और वर्षों में नए रिकॉर्ड देखेंगे।

**उत्तरी गोलार्ध पर गर्मी का प्रकोप अधिक :** दुनिया बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन के संकट को टालने के लिए विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार करने के कगार पर खड़ी है। जुलाई इस तय सीमा के करीब पहुंचने का लगातार 13वां महीना है। सी3एस के वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले साल जून के बाद से हर महीना रिकॉर्ड पर सबसे गर्म महीना रहा है।

कोपरनिक्स के अनुसार जून 2023 से लेकर लगातार 13 महीने की बात करें तो पर्यावरण में तेजी से बदलाव देखने को मिले हैं। उत्तरी गोलार्ध में गर्मी का प्रकोप अधिक देखने को मिला है। 21 जुलाई ग्रह पर सबसे गर्म दिन रहा है। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि पिछले साल के बाद टूटा ये रिकॉर्ड अंतिम नहीं हो सकता। अभी जुलाई के कई दिन बाकी हैं। यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है।

अप्रैल में जलवायु परिवर्तन और मौसम की प्राकृतिक घटना अल नीनो के कारण गर्मी का कम ही प्रकोप देखने को मिला था। लेकिन अब उसका असर जुलाई के महीने पर देखने को मिल रहा है। जिसने इस साल के तापमान को और बढ़ा दिया है।

# काठमांडू हवाई अड्डे पर क्रैश हुआ विमान

## प्लेन में सवार 19 में से 18 की मौत, उड़ान भरने के दौरान हुआ हादसा



### साल 2023 में भी हुआ था नेपाल में बड़ा विमान हादसा

बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे। जांच में पता चला था कि यति एयरलाइंस का हादसा पायलट की गलती से हुआ था, जब विमान के पायलट ने गलती से पावर कट कर दिया था, जिससे विमान हादसे का शिकार हो गया।



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

**विमान की मरम्मत के लिए जा रहे थे पोखरा**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे। जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है।

काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान सौर्य एयरलाइन कंपनी का विमान रनवे से फिसल गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पोखरा जाने वाले विमान में चालक दल के दो सदस्य और 17 तकनीशियन सवार थे। ये लोग एक अन्य विमान की मरम्मत के लिए पोखरा जा रहे थे। हादसा कितना भयानक था इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इसमें सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई।

**आसमान में छा गया गहन धुएं का गुबार**

स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई और धुएं का भारी गुबार आसमान में छा गया। दुर्घटना के कारण विमान में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों की एक टीम तैनात की गई है। दमकलकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की एक टीम स्थिति पर काबू पाने के लिए काम कर रही है। हादसे के बाद जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उनमें विमान को आग की लपटों में घिरा देखा जा सकता है।

काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता तेज बहादुर पौडयाल ने कहा, 'केवल कैप्टन को जिंदा बचाया जा सका। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**आग बुझाने की कोशिश करते दिखे दमकलकर्मी :** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं और आसमान में काला धुआं उठता दिख रहा है। इतना ही नहीं, भीषण हादसे के एक वीडियो में पूरी दुर्घटना देखी जा सकती है। इसमें विमान को रनवे से थोड़ा ऊपर उड़ते और दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले झुकते हुए देखा जा सकता है। इतना ही नहीं, हरे-भरे खेतों में बिखरे विमान के जले हुए अवशेषों के बीच बचावकर्मियों को दिखाया गया है।



# राष्ट्रपति पद की दौड़ में दो अंकों से कमला हैरिस से पिछड़े ट्रंप

## सर्वे में 44% लोगों ने माना हैरिस की होगी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुद को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर अपना चुनाव अभियान समाप्त कर दिया है। अपनी जगह उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का डेमोक्रेट नामांकन के लिए समर्थन किया है। राष्ट्रपति चुनाव से पहले रॉयटर्स/इप्सोस ने एक सर्वेक्षण किया है, जिसके अनुसार 44 फीसदी लोगों का मानना है कि जीत हैरिस की होगी। वहीं, 42 फीसदी लोग ट्रंप के समर्थन में थे। ऐसे में हैरिस ने ट्रंप पर मामूली दो फीसदी अंकों से बढ़त बना ली है।

रॉयटर्स/इप्सोस का यह सर्वेक्षण, सोमवार और मंगलवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के बाद आयोजित किया गया। ट्रंप ने बीते बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से अपनी पार्टी के नामांकन को स्वीकार कर लिया है। वहीं, 21 जुलाई को राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने की घोषणा कर उपराष्ट्रपति हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। हैरिस के अभियान का कहना है कि उन्होंने डेमोक्रेटिक नामांकन हासिल कर लिया है।

इससे पहले, 15-16 जुलाई को हुए एक सर्वे में हैरिस और ट्रंप 44 फीसदी अंकों के साथ बराबरी पर थे। वहीं, 1-2 जुलाई को आए सर्वे में ट्रंप एक फीसदी अंक के साथ हैरिस से आगे थे।

वहीं, हालिया सर्वेक्षण में पंजीकृत मतदाताओं में से 56 फीसदी ने माना है कि 59 वर्षीय कमला हैरिस मानसिक रूप से तेज हैं और चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं, इसलिए वह चुनाव जीत जाएंगी।

### कमला हैरिस ने चुनाव अभियान के लिए जुटाए 10 करोड़ डॉलर

अमेरका के उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति अभियान के लिए 11 लाख से अधिक लोगों से 100 करोड़ डॉलर जुटाए। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके पक्ष में भारी समर्थन है। हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैं। बता दें कि अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है।

कमला हैरिस के अभियान को लेकर जारी एक बयान में कहा गया, रविवार दोपहर और सोमवार की शाम तक टीम हैरिस ने 100 करोड़ डॉलर जुटाए। अब रविवार से 11 लाख से अधिक लोगों ने दान दिए। उनमें से 62 फीसदी लोग पहली बार दान करने वालों में से थे। इसके अलावा टीम हैरिस ने अपने पहले 24 घंटों में 8.1 करोड़ डॉलर जुटाए। इस ऐतिहासिक जीत के साथ राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस ने 24 घंटों में किसी भी किसी भी उम्मीदवार से सबसे अधिक धनराशि जुटाए। 888,000 से अधिक जमीनी स्तर के दान देने वालों ने दान दिया।

वहीं, 49 फीसदी मतदाताओं ने 78 वर्षीय ट्रंप के बारे में यही कहा है।

बता दें कि सर्वे ऑनलाइन आयोजित किया गया था। देशभर में 1,241 अमेरिकी वयस्कों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 1,018 पंजीकृत मतदाता भी शामिल थे।

# बांग्लादेश : दो दिन के लिए विरोध प्रदर्शन स्थगित, कहा- इंटरनेट बहाल करें

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा के बीच छात्र संगठन ने दो और दिनों के लिए विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। साथ ही सरकार से कर्फ्यू वापस लेने के लिए कहा है।

छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने कहा, 48 घंटों के दौरान हम कोई विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे। हमारी मांग है कि सरकार इंटरनेट बहाल करे, कर्फ्यू वापस ले, परिसरों को फिर से खोले और छात्र प्रदर्शनकारियों की रक्षा करे।

बांग्लादेश में आरक्षण में बदलाव की मांग कर रहे छात्रों की तरफ से बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन ये विरोध-प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया है। वहीं इस हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत और करीब तीन हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हिंसा की वजह से शिक्षण संस्थान, रेलवे, इंटरनेट सेवाएं रोक दी गई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की तरफ से छात्रों के इस विरोध-प्रदर्शन और हिंसा पर लगाम लगाने के लिए सेना को भी तैनात किया गया है। इतना ही नहीं किसी भी प्रदर्शनकारी को देखते ही गोली मारने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, इससे पहले साल 2018 में भी आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ हिंसा हुई थी। जिसके बाद सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए उच्च श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण को रद्द कर दिया।

# जनता की सुरक्षा के लिए लगाया था कर्फ्यू : शेख हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश में पुलिस और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच झड़प हुई। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्फ्यू लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही हिंसा करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दिए। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने इस आदेश की सफाई देनी पड़ रही है। उन्होंने अपनी सफाई में कहा है कि उस दौरान उठाए गए कदम लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए थे।

बांग्लादेश में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं थी। छात्र विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने

**बता दें कि इस हिंसा के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कर्फ्यू लागू करने और देखते ही गोली मारने के आदेश दिए थे।**



वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोटा घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, सिविल सेवा की 93 प्रतिशत नौकरियां अब योग्यता आधारित होंगी। जबकि शेष 2 प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों, ट्रांसजेंडर और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिस और छात्रों के बीच हुई हिंसक झड़प में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर सरकार अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दे सकी है। बता दें कि इस हिंसा के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कर्फ्यू लागू करने और देखते ही गोली मारने के आदेश दिए थे। अदालत का फैसला आने के बाद अब प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सफाई देनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि पूर्ण बंद कार्यक्रम के लागू होने और आरक्षण आंदोलन से संबंधित हाल की घटनाओं के कारण पूरे देश के आम लोगों का जीवन और आजीविका प्रभावित हो गई है। हसीना ने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जीवन को सामान्य स्थिति में लाने के लिए अस्थायी रूप से कर्फ्यू लगाया। देशव्यापी हिंसा के बाद इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गईं।

# 2023 में हर मिनट एक एड्स रोगी ने गंवाई जिंदगी

## आम इंसान की पहुंच से बाहर 40,000 डॉलर के दो इंजेक्शन

**एड्स से जुड़ी बीमारियों से 2023 में लगभग 6,30,000 लोग मारे गए। यह 2004 की 21 लाख मौतों के मुकाबले बहुत कम है। इस महामारी को खत्म करने की वैश्विक कोशिशों का नेतृत्व कर रही संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनएड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नवीनतम आंकड़ा 2025 के लिए रखे गए 2,50,000 की कम मौतों के लक्ष्य से दोगुना से भी अधिक है।**



**संरा. :** बीते साल दुनिया में लगभग 4 करोड़ लोगों में एड्स की बीमारी देने वाला एचआईवी वायरस पाया गया था। इनमें से 90 लाख लोग इसका कोई इलाज नहीं करवा पाए। नतीजन, हर मिनट कोई न कोई रोगी एड्स की वजहों से मर रहा था।

यह खुलासा सोमवार को संयुक्त राष्ट्र ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह हाल तब है जब दुनिया में एड्स महामारी को खत्म करने की दिशा में प्रगति की जा रही है। यूएन की रिपोर्ट बताती है कि इसकी प्रगति की रफ्तार अब धीमी पड़ने लगी है। इसका कारण फंड का कम होना है। इस वजह से तीन नए क्षेत्रों मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और लैटिन अमेरिका में इसका संक्रमण बढ़ रहा है।

### बीते साल 6 लाख से अधिक लोगों की गई जान

एड्स से जुड़ी बीमारियों से 2023 में लगभग 6,30,000 लोग मारे गए। यह 2004 की 21 लाख मौतों के मुकाबले बहुत कम है। इस महामारी को खत्म करने की वैश्विक कोशिशों का नेतृत्व कर रही संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनएड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नवीनतम आंकड़ा 2025 के लिए रखे गए 2,50,000 की कम मौतों के लक्ष्य से दोगुना से भी अधिक है।

### 2030 तक एड्स खत्म करेंगे

यूएनएड्स की कार्यकारी निदेशक विनी ब्यानिमा ने कहा, वैश्विक नेताओं ने 2030 तक एड्स को खत्म करने का संकल्प लिया है। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में नए संक्रमण तीन गुना से अधिक यानी 13 लाख थे। लैंगिक असमानता से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में किशोरियों और युवा महिलाओं में एचआईवी के मामले बढ़े। हाशिए पर रहने वाले समुदायों में वैश्विक स्तर पर नए संक्रमणों का अनुपात 2010 के 45% से बढ़कर 2023 में 55% हुआ।

एक साल के लिए दो इंजेक्शन के दाम 40,000 डॉलर (33.47 लाख रु.) हैं, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है।

# पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए इमरान ने किया इनकार

**लाहौर।** पूर्व प्रधानमंत्री ने आदियाला जेल फॉरेंसिक को पॉलीग्राफ और वॉयस मैचिंग टेस्ट कराने से मना कर दिया। दरअसल इमरान खान पर पिछले साल हुई हिंसा के सिलसिले में मुकदमा चल रहा है। इस मामले की जांच लाहौर पुलिस द्वारा शुरू की गई है। फॉरेंसिक टीम के 12 सदस्य इमरान खान के टेस्ट के लिए आदियाला जेल पहुंचे थे।

पिछले साल हुई हिंसा के मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम जब आदियाला जेल पहुंची, तो इमरान खान ने टेस्ट कराने से इंकार कर दिया। 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 9 मई 2023 को देशभर में दंगे भड़क गए थे। उन पर 200 से अधिक मामले दर्ज हैं और वे पिछले साल अगस्त से जेल में कैद हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में लाहौर पुलिस की टीम जब परीक्षण करने के लिए जेल परिसर पहुंची, तब उनके साथ पंजाब फोरेंसिक

**हिंसा के मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम जब आदियाला जेल पहुंची, तो इमरान खान ने टेस्ट कराने से इंकार कर दिया।**



साइंस एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री पर पॉलीग्राफ, वॉयस मैचिंग और फोटोग्रामेट्री परीक्षण करने थे।

**हिंसा मामले की जांच लाहौर पुलिस द्वारा शुरू की गई है**

पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान ने पुलिस के सवालों का 15 मिनट तक जवाब दिया। जब डीएसपी आसिफ ने न्याय करने की कसम खाई। लेकिन पंजाब फोरेंसिक साइंस एजेंसी की टीम के सामने इमरान खान ने पॉलीग्राफ और वाइस मैचिंग टेस्ट और फोटोग्रामेट्री परीक्षण से इनकार कर दिया। इमरान खान ने कहा कि वह कई संस्थानों की जांच के दायरे में हैं। वे अपनी पिछली जांच पूरी होने के बाद पुलिस को समय देंगे। बता दें कि 9 मई के विरोध प्रदर्शन के दौरान, कथित पीटीआई कार्यकताओं और समर्थकों ने जनरल मुख्यालय और स्मारकों सहित सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इस अभूतपूर्व हिंसा के बाद देश के अधिकारियों ने पीटीआई के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की। इसके साथ ही सैन्य अदालतों में 100 से अधिक पीटीआई कार्यकताओं के खिलाफ मुकदमा भी चलाया।

**स्वीकार की शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की बात :** इमरान खान ने सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आदेश देने से इनकार किया। लेकिन यह स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी पार्टी से गिरफ्तारी की स्थिति में जीएचक्यू के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने को कहा था। बता दें कि 9 मई की हिंसा के बाद सिविल और सैन्य अधिकारी भी इमरान खान पर उनकी गिरफ्तारी से पहले 9 मई की साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि इस दावे को इमरान और उनकी पार्टी ने जोरदार तरीके से खारिज किया है।

**इन मामलों पर चल रहा मुकदमा :** दरअसल इमरान खान को तीन मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद लगभग एक साल से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखा गया है। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला, सिफर मामला और गैर-इस्लामिक विवाह मामला- जिसमें उनकी पत्नी बुशरा बीबी भी जेल में हैं। हालांकि पूर्व क्रिकेटर से




**करंट कॉमिक - न्यू एडिशन : DAY 4**

कॉन्सेप्ट **दीपक भाटी**
डिजाइन **नरेश शर्मा**
प्रस्तुति करंट क्राइम

# जनप्रतिनिधियों पर बढ़ना शुरू हुआ दबाव क्या कोई पूरा कर पाएगा महिला शक्ति का ख्वाब

**पूनम कौशिक** अपनी ब्लाइंड समर्थक **पूजा तिवारी** के साथ **मृणालिनी सिंह** से चर्चा करते हुए।




**पूजा तिवारी** – वैसे दीदी अगर आपका विचार ना बने तो पूनम दीदी को अपना साथ और साहब का आशीर्वाद दिलवा देना।

**पूनम कौशिक** –मृणालिनी दीदी आप जानती हो मेरी सारी भावनाएं जनरली आपके परिवार के साथ हैं। चुनावों में साहब का टिकट नहीं हुआ, जिसका हम सब बहनों को अफसोस है। गाजियाबाद में आपका झंडा सदा बुलंद रहना चाहिए। इसलिए हम बहनों की चाहत है कि शहर विधानसभा का उपचुनाव आप ही लड़ो।

**मृणालिनी सिंह** – आपकी भावनाओं का मैं आदर करती हूं पूनम दीदी। मगर इस फैसले पर आगे बढ़ाने से पहले मुझे सर (पापा) से बात करनी पड़ेगी। आप तो जानती ही हो बड़े धोखे हैं इन राहों में।

जब सभी महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए एक्टिव होने लगीं, तभी खोड़ा नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन **रीना भाटी** ने क्रांतिकारी विधायक **नंद किशोर गुर्जर** से मुलाकात की।




**रीना भाटी**– क्रांतिकारी विधायक बड़े भाई तुल्य नंदकिशोर जी का पराक्रम सदा बुलंद रहे। विधायक जी आप तो जानते ही हो आपकी इस बहन ने राजनीति की वजह से क्या क्या खोया है। आने वाले विधानसभा उपचुनाव में मैं खुद को साबित करना चाहती हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका आशीर्वाद और सहयोग मुझे अवश्य मिलेगा।

**नंदकिशोर गुर्जर** – रीना भाटी बहना, तुम हमारे समाज की आन-बान और शान हो। मैं इस लड़ाई में तुमको बिल्कुल भी अकेला नहीं छोड़ूंगा। मैं अपने सभी साथी विधायकों और सांसद जी से आपके नाम की पुरजोर पैरोकारी करूंगा। मेरी बहन, इस लड़ाई में खुद को अकेला मत समझना।

जैसे ही विधायक **नंदकिशोर गुर्जर** का क्रांतिकारी समर्थन **रीना भाटी** को मिला। वैसे ही महिलाओं ने समर्थन लेने की होड़ लगा दी।




**पूर्व मेयर आशा शर्मा** – बड़े भाई एवं सांसद अतुल गर्ग जी। आप और मेरा जनरली एक समय एक जैसा ही कष्ट किसी से रहा है। आप जानते हैं आपकी इस बहन ने आपके चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। मुझे आपसे पूरी आशा है कि आप अपनी बहन को निराश नहीं करोगे।

**अतुल गर्ग सांसद**– मेरी बहन आशा, मेरी तरफ से नहीं मिलेगी आपको निराशा। हमें तो जनरली करनी है कहीं की काट। चाहे विधायक संजीव शर्मा बनें या फिर बनें आप।




**अनीता शर्मा** – माननीय कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जी, मुझे इस बार पूरी उम्मीद है कि आप अपनी बिरादरी की बहन को निराश नहीं करोगे।

**सुनील शर्मा** - अनीता बहन, आप बिरादरी की भी नहीं होतीं तो भी आपका सहयोग करता। आखिर आपने पार्टी के लिए बहुत संघर्ष किया है।




**रूबी अग्रवाल** - एमएलसी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप दिनेश गोयल जी भाईसाहब। आपकी इस छोटी बहन ने आज तक आपसे कुछ नहीं मांगा। इस बार आप मेरी पैरोकारी विधानसभा के टिकट के लिए कर दीजिए।

**दिनेश गोयल** – देता सब कुछ ऊपर वाला है। हम आप तो बस निमित्त मात्र हैं। फिर भी छोटी बहन को निराश नहीं करूंगा। पूरी ताकत से तुम्हारे लिए टिकट मांगूंगा।




**अजीत पाल त्यागी विधायक** - अरे उदिता बहन, आपका टिकट मांगने का तो कोई इरादा नहीं था। फिर अचानक मन कैसे परिवर्तित हुआ। चलो जो भी हो, मैं तुम्हारी पैरोकारी डट के करूंगा।

**उदिता त्यागी** – अजीत भैया जब सब बहनों ने टिकट मांगना शुरू कर दिया तो मैं भला पीछे क्यों रहूं। मुझे पता था कि आपका मुझे फुल सपोर्ट मिलेगा।




**रनिता सिंह** – कमांडो के कमांडर संजीव शर्मा जी का परचम बुलंद रहे। भाई साहब आप मेरा विधायक बनने में सहयोग कीजिए। संगठन वाली इस बहन को आपसे बहुत उम्मीद है।

**संजीव शर्मा** - रनिता बहन जी, आप हमारे संगठन की कर्मठ कार्यकर्ता हो। आपकी दावेदारी के सामने मैं अपनी भी दावेदारी कुर्बान कर सकता हूं। मैं सौ प्रतिशत आपके साथ हूं।

नोट : **दैनिक करंट कॉमिक** की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

जारी है........

# चीनी मिल शुरू होने से पूर्व किया जाए गन्ना किसानों का भुगतान : इन्द्र विक्रम सिंह

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं शर्तों का अनुपालन जरूरीः जिलाधिकारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आयोजित हुई, जिसमें गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा नई शिकायतें कृषकों से प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गई।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त ना होने के तीन कारण

बैठक के दौरान सर्वप्रथम रामजतन मिश्र उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा कृषकों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्तें प्राप्त न होने के तीन प्रमुख कारण हैं-ई.के.वाई.सी., एन.पी.सी.आई. और लैण्ड सीडिंग ना होना है। कृषक ई.के.वाई.सी. जनसुविधा केन्द्र पर, एन.पी.सी.आई. के लिए इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खाता खुलवाकर तथा लैण्ड सीडिंग तहसील में जाकर करा सकते हैं। समस्या होने पर उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।






### कृषकों ने बताईं अपनी समस्याएं

**करंट क्राइम।** कृषक वेदपाल मुखिया ग्राम-फजलगढ़ ने निवेदन किया कि शुगर मिल मोदीनगर पर कृषकों का गन्ने का भुगतान ना होने के कारण कृषकों को आगामी फसल की बुआई के लिए कृषि निवेश क्रय करने तथा पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अतः वित्तीय वर्ष-2023-24 का गन्ने का भुगतान अतिशीघ्र कराने का कष्ट करें।

कृषक अरुण कुमार ग्राम खंजरपुर ने अवगत कराया कि कृषकों की ट्यूबवेल का बिल शासन से माफ करने का निर्देश जारी किया गया है परन्तु विद्युत विभाग ट्यूबवेलों पर बिजली के मीटर लगा रहा है। कृपया विद्युत विभाग से अनुरोध है कि जब मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग को कृषकों के बिल माफ करने का आदेश दिया है तो बिजली के मीटर ट्यूबवेल पर न लगाए जाएं। कृषक अखिल चौधरी ग्राम दुहाई ने अनुरोध किया कि ग्राम दुहाई से कांकड़ा तक रजवाहे की पटरी की मरम्मत का कार्य कराया जाये। इस रास्ते पर काफी ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है। कृषक विजेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों की खतौनी में मोदीनगर तहसील में रकबा अंकित किया जा रहा है जिसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही है। सही तरह से किसान के खसरे का रकबा उचित जांच करके अंकित होना चाहिए। कृषक अरुण दहिया ने कहा कि नगर पालिका परिषद मोदीनगर में एम०आर०एफ० प्लांट न बनाया जाये। कृषक प्रमोद कुमार त्यागी ग्राम सरना ने कहा कि पाइप लाईन सरना चौक से चुगी नम्बर-3 तक बिजली के पोल व बिजली का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का कष्ट करें।

### जिलाधिकारी ने किसानों को दिया गन्ना भुगतान शीघ्र कराने का आश्वासन

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि गन्ना भुगतान मिल के शुरू होने से पूर्व की करवा दिया जायेगा, इसके साथ ही उन्होंने मिल के प्रबंधकों/प्रतिनिधियों को कहा कि जल्द से जल्द शेष भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को भी निर्देशित किया कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए गन्ना मिल प्रबंधक के साथ उनकी बैठक आगामी 10 दिन के अन्दर अवश्य करायी जाये।

### अधिकारियों ने बताए समस्याओं के कारण व निदान के उपाय

उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों जैसे गन्ना भुगतान के लिए जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना भुगतान की प्रक्रिया के सम्बंध में अवगत कराया। ट्यूबवेल पर मीटर न लगाये जाने के सम्बंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा सरकार की मंशा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

इसी सम्बंध में जिलाधिकारी ने उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया कि ट्यूबवेल पर विद्युत मीटर लगाने का तात्पर्य है कि कृषक द्वारा ट्यूबवेल पर उपभोग की गई बिजली के बिल का भुगतान शासन स्तर से विद्युत विभाग को किया जाना है। इस पर अरुण कुमार द्वारा तर्क दिया गया कि विद्युत मीटर ट्रांसफार्मर पर लगाये जायें। जिलाधिकारी ने इसका संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि विद्युत मीटर ट्रांसफार्मर पर लगे या ट्यूबवेल पर लगे भुगतान शासन स्तर से होना है। कृषकों को मीटर लगाने का विरोध नहीं करना चाहिए। किसानों की खतौनी में रकबा अंकित करने में गड़बड़ी के सम्बंध में अपर जिलाधिकारी (भू०अ०) अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्बंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग की समस्याओं का त्वरित निराकरण समय से करना सुनिश्चित करें। जिन समस्याओं का निराकरण जनपद स्तरीय अधिकारियों से संभव न हो उसके सम्बंध में शासन को अर्द्धशासकीय पत्र भिजवाया जाये।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

**करंट क्राइम।** किसान दिवस में विवेक मिश्र अपर जिलाधिकारी (मू०अ०), रामजतन मिश्र उप कृषि निदेशक, राजेन्द्र प्रसाद अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अमित कुमार जिला कृषि अधिकारी, विकास कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी, प्रदीप कुमार जिला गन्ना अधिकारी, डॉ० एस०पी० पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, कपिल चौहान सहायक अभियन्ता नलकूप, डॉ० प्रमोद कुमार अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र मुरादनगर, श्रीराम परियोजना अधिकारी नेडा, सुभाष चन्द अधीक्षण अभियन्ता विद्युत लोनी, उमेश गांधी सहायक अभियन्ता राज्य सेतु निगम, ऋचा चौधरी सहायक निदेशक मत्स्य, तन्वी शर्मा भूमि संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## 12 नए औद्योगिक पार्कों और शहरी विकास के लिए 10 लाख करोड़ के आवंटन से बदलेगी देश की तस्वीर : संजीव गुप्ता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को लगातार सातवीं बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश आम बजट पेश किया। प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष और देश के जाने-माने उद्योगपति संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि इस बजट में देश के रेलवे, सड़क और बुनियादी ढांचे के विकास को जारी रखते हुए शहरी विकास के लिए 10 लाख करोड़ के आवंटन के साथ-साथ 12 नए औद्योगिक पार्कों की मंजूरी देने से आने वाले समय में रोजगार के अनेकों अवसर युवाओं को प्राप्त होंगे। बजट में 3 करोड़ नए आवास बनाने के साथ-साथ औद्योगिक मजदूरों को किफायती किराए के मकान उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। जिसके कारण औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण कड़ी, मजदूरों को भी सुगमता से सस्ते आवास प्राप्त होंगे। जिसका लाभ उद्योग जगत को भी होगा। गुप्ता ने आगे कहा, बजट में स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी जोर दिया गया है। इसके साथ-साथ स्टांप ड्यूटी और अन्य विकास प्रीमियम को कम करने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करने व आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से उद्योग जगत और व्यापारियों को कार्य करने में पहले से अधिक सुगमता होगी।

## संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने किया तीन दिवसीय अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रमाणपत्र कोर्स का आयोजन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने हेल्थकेयर स्किल्स फाउंडेशन के सहयोग से महाराजा हॉल, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में 3 दिवसीय अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रमाणपत्र कोर्स का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के निदेशक डॉ. अनिल कुमार थे, जो संतोष मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार और प्रमुख क्रिटिकल केयर मेडिसिन हैं। कार्यक्रम को इंडियन नर्सिंग काउंसिल और उत्तर प्रदेश नर्सिंग एवं मिडवाइफरी काउंसिल द्वारा अनुमोदित किया गया था और दोनों ने इस कार्यक्रम के लिए क्रेडिट पॉइंट्स आवंटित किए थे। इस कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर के लगभग 100 नर्सों ने भाग लिया। दिल्ली एनसीआर के प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थानों से 50 प्रतिष्ठित शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में शिक्षण कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान 15 व्याख्यान और 12 कौशल स्टेशन आयोजित किए गए। कार्यक्रम को प्रतिभागियों और शिक्षकों द्वारा समान रूप से सराहा गया। यह कार्यक्रम अस्पताल संक्रमण नियंत्रण के सभी प्रासंगिक पहलुओं को छूते हुए अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी और हेल्थकेयर स्किल्स फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए, सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों ने इस पहल को भविष्य में भी जारी रखने की उम्मीद जताई।



# अवैध अतिक्रमण अभियान को लेकर नगर आयुक्त से मिले शास्त्री नगर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लगातार चल रहे अभियान को देखते हुए शहर निवासी भी स्वच्छता को लेकर जागरूक दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में कवि नगर जोन अंतर्गत आने वाले शास्त्री नगर तथा गोविंदपुरम के क्षेत्रवासी तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मिले तथा क्षेत्र में संयुक्त रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने के लिए अपना पक्ष रखा। क्षेत्रवासी अभियान में सहयोग करेंगे, नगर आयुक्त को पत्र भी सौंपा गया। शास्त्री नगर के अंतर्गत आने वाली कॉलोनी में नालियों के ऊपर जो रैंप बने हैं, उनको भी तोड़ने के लिए अपना पक्ष रखा गया। नालों की सफाई के दौरान अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए भी कहा गया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी को संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए तथा नालों के साथ-साथ नालियों की सफाई भी करने के लिए कहा गया, नियमानुसार आवश्यकता को देखते हुए घरों के आगे बने हुए बड़े-बड़े रैंप को हटाने के लिए भी निर्देश दिए।





### स्वच्छता को लेकर जागरूक हो रहा शहर

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार स्वच्छता को लेकर जन-जन को जागरुक कर रहा है। गोविंदपुरम तथा शास्त्री नगर के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता की लहर दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर नालों की सफाई होने के लिए स्वयं ही अपने रैंप को हटाया गया है जिसमें राजेंद्र नगर तथा लाजपत नगर में भी कार्यवाही हो रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता अभियान को लेकर लगातार एसबीएम टीम में अन्य स्वास्थ्य विभाग की टीम जन-जन को मोटिवेट कर रही है। शहर की सफाई से शहर वासियों को ही लाभ होगा तथा स्वच्छ शहर स्वस्थ नागरिक का नारा घर-घर तक पहुंचाना ही सबका लक्ष्य होना चाहिए। नगर आयुक्त ने शहर वासियों से स्वच्छता में सहयोगि की अपील की। कचरा पृथक्करण के लिए शहर वासियों को मोटिवेट किया जा रहा है। सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के बैनर तले लगातार अभियान चल रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी मिल रहा है जो कि बेहद सराहनीय है।

# पूर्व मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड डॉ. उदिता त्यागी व यति संन्यासी धर्म की रक्षा के लिए उठाएंगे कांवड़





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व धार्मिक सम्मेलन की सफलता, हिंदू परिवारों की मजबूती और जातिवाद व जातीय वैमनस्यता का विनाश है। पांच धातुओं से निर्मित भव्य शिव परिवार के साथ हरिद्वार पहुंची यति सन्यासियों की टोली। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व पंचदसनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी का मानना है कि सनातन धर्म अब जिस गर्त में जा चुका है, वहां से बिना दैवीय कृपा के अब सनातन धर्मियों का कोई कल्याण नहीं हो सकता। अपनी इसी सोच के चलते हुए गत वर्ष सनातन धर्म की रक्षा और सनातन धर्म के शत्रुओं के विनाश की कामना से हरिद्वार से शिवशक्ति धाम डासना कांवड़ लाने का संकल्प लिया था। परंतु सुरक्षा के नाम पर गाजियाबाद पुलिस ने उन्हें कांवड़ लाने नहीं दी। इस वर्ष पूर्व मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड डॉ. उदिता त्यागी व यति सत्यदेवानंद, यति रणसिंहानंद, मोहित बजरंगी सहित उनके अनेक शिष्यों ने अपने गुरु के संकल्प को पूरा करने के लिए कांवड़ यात्रा का संकल्प लिया। पांच धातुओं से निर्मित शिव परिवार भी कांवड़ यात्रा पर विश्व धार्मिक सम्मेलन की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी भी इस्लामिक अतिवादियों के निशाने पर उतनी ही हैं जितने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी हैं। इस कांवड़ यात्रा में ये सब देवाधिदेव भगवान महादेव शिव से विश्व धार्मिक सम्मेलन की सफलता, हिंदू परिवारों में वृद्धि और मजबूती तथा हिंदुओं में जातिवाद व जातीय वैमनस्यता के विनाश की कामना करेंगे। शिवशक्ति धाम डासना से पांच धातुओं से निर्मित शिव परिवार भी कांवड़ यात्रा पर आया हुआ है जो गंगा स्नान के बाद शिवशक्ति धाम डासना में पार्देश्वर महादेव के साथ स्थापित होंगे। यह कांवड़ यात्रियों की टोली आज प्रातः 10 बजे माया देवी मंदिर जूना अखाड़े से आरंभ होकर शिवशक्ति धाम डासना तक जायेगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता की ये खूबी है कि प्यार और परिवार शब्द को एक दूसरे में समाहित करते हैं। पारिवारिक मित्र के सुपुत्र आईएएस अधिकारी लक्ष्य सिंघल से मिलने पहुंचे तो अपने साथ अपने अनुज राजीव गुप्ता और पुत्र अभिषेक को भी लेकर गए। अपनो की अपनो से मुलाकात की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।